रांची, मंगलवार

23.04.2024

वर्ष : 9, अंक : 142 पृष्ठ : 12

मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988




## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। वह बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान भी ले लिया है।

### भाजपा ने ईश्वरप्पा को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया

**बेंगलुरु :** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा को पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने और शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने पर छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। कर्नाटक भाजपा की अनुशासन समिति के अध्यक्ष लिंगराज पाटिल ने एक बयान में कहा, 'पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करते हुए ईश्वरप्पा वर्तमान में शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र से एक विद्रोही उम्मीदवार के रूप में चुनाव में खड़े हुए और पार्टी के लिए शर्मिंदगी का कारण बने।' इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से सभी जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाता है और छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाता है।' श्री ईश्वरप्पा और भाजपा के बीच दरार तब सामने आई जब पार्टी ने उनके बेटे केई कंथेश को हावेरी सीट से टिकट देने से इनकार कर दिया। तब से, वह बीएस येदियुरप्पा के बेटे, भाजपा उम्मीदवार बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ प्रतिशोध की मांग को लेकर मुखर रहे हैं।

### राष्ट्रपति आज से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 से 24 अप्रैल तक उत्तराखंड का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को बताया कि 23 अप्रैल को राष्ट्रपति एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगी। उसी शाम वह ऋषिकेश में गंगा आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 24 अप्रैल को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में भारतीय वन सेवा (2022 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

# झारखंड की दो बेटियां पूर्णिमा और चामी पद्मश्री से हुई सम्मानित

बिभा संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित समारोह में झारखंड की दो बेटियों जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और सरायकेला की चामी मुर्मू को पद्मश्री से सम्मानित किया है।

पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं। प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं। चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है। वे 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं।

महतो का जन्म 15 अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ। उनकी तीरंदाजी यात्रा टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी। उस समय उनके पास घर में बना तीर-धनुष था। उन्हें परिवार का पूरा सहयोग मिला।





## राष्ट्रपति ने 67 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां एक समारोह में 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में तीन पद्म विभूषण, आठ पद्म भूषण और 56 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू , डॉक्टर पद्मा सुब्रमण्यम तथा बिंदेश्वर पाठक को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। श्री बिंदेश्वर पाठक को यह पुरस्कार मरणोपरांत दिया गया है। उनकी पत्नी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान हासिल किया। इसके अलावा फि ल्म कलाकार मिथुन चक्रवर्ती , गायिका उषा उत्थुप और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह , विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और अनेक गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## पीएम मोदी के बयान के खिलाफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग में दर्ज कराई शिकायत, कहा-

# आचार संहिता का हुआ उल्लंघन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने सोमवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की और एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां चुनाव आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। मुलाकात के बाद सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव आयोग को 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा गया और इनपर उचित कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रुप से विस्तृत चर्चा की।

कांग्रेस नेता ने बताया कि चुनाव आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पुत्री अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के ह्यह्यमुख्य कार्यकारी'' एक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उनका बयान गंभीर और आपत्तिजनक है और इसे वापस लिया जाना चाहिए और इस पर स्पष्टीकरण जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग से इस बयान पर कानूनी रूप से कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

सिंघवी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने राजस्थान में जिस तरह एक समुदाय के लिए ह्यह्यभद्दा'' वक्तव्य दिया, वह आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग को इसपर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस बयान से देश के संविधान, प्रधानमंत्री पद, चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गुजरात समेत कई राज्यों में तस्वीरें लगाई हैं, जो सिर्फ धर्म पर आधारित हैं।

कांग्रेस नेता ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कर्नाटक के उस क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे, जिसमें चुनाव नहीं हुआ है। इसके लिए आयोग से अनुमति मांगी गई है। उन्होंने कहा कि सूरत लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के एक दिन पहले कांग्रेस के एक साथ चार प्रस्तावक कहते हैं कि हस्ताक्षर हमारे नहीं हैं और लापता हो जाते हैं। सीट सभी प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले लेते हैं। ऐसे में सूरत सीट का चुनाव स्थगित किया जाना चाहिए।



### राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बोला हमला, कहा- तानाशाह को बदलने से ही देश बचेगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए उन्हें तानाशाह करार दिया और कहा कि बाबा साहेब का संविधान बदलने का प्रयास करने वालों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना जरूरी है।

गांधी ने कहा, तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है।

उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है।

## मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया : शाह


एजेंसी

**रायपुर/कांकेर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ की कांकेर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि, मोदी जी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और अगले 25 साल का एजेंडा है। चार पीढ़ियों से राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को पैसा नहीं दिया और ना ही किसानों को पैसा दिया। कांग्रेस ने तेंदु पत्ता वालों को बोनस नहीं दिया, घरों में गैस, बिजली, शौचालय और नल से जल नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार ने किसानों के धान को कभी 3,100 रुपये में नहीं खरीदा। मोदी सरकार में गरीबों को आवास, गैस, बिजली, शौचालय, मुफ्त अनाज और नल से जल देने का काम किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य का खर्चा निःशुल्क कर दिया है। मोदी 3.0 में 70 साल से ऊपर सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक अनुच्छेद 370 को बनाए रखा लेकिन मोदी जी ने 5 अगस्त, 2019 को इसे समाप्त कर दिया। इस देश से आतंकवाद को पूर्णतया खत्म और नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने का काम मोदी जी ने किया है। मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में 5 साल तक महादेव एप कांड चलता रहा। महज 4 महीने के अंदर भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त करने का काम किया है।



# योगी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**अलीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि योगी आदित्यनाथ जैसा साथी होना उन्हें गर्व की अनुभूति देता है।

श्री मोदी ने यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब हमारी बहन बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। योगी की सरकार में अपराधियों में हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन चैन बिगाड़ें।

प्रधानमंत्री ने कहा जो लोग योगी जी की पहचान केवल बुलडोजर से करते हैं उन्हें अपनी आंख खोल लेना चाहिए। यूपी में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास हुआ, उतना अकेले योगी जी के कालखंड में हुआ है। ओडीओपी का उनका मिशन आज पूरे देश में नई इज्जत प्राप्त कर रहा है।

उन्होने कहा यूपी में अगर विकास को नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। काशी का सांसद होने के नाते ये मेरे भी माननीय मुख्यमंत्री हैं। मैं गर्व की अनुभूति करता हूं कि मेरे पास ऐसे साथी हैं।



# चुनाव जीता तो सेवा करूंगा, नहीं तो राजनीति से ले लूंगा संन्यास : प्रदीप यादव

बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्य की हॉट सीट बन चुकी गोड्डा में काफी राजनीतिक हलचल देखने को मिल रही है। इस लोकसभा सीट से दीपिका पांडे सिंह को कांग्रेस की तरफ से टिकट दिया गया था लेकिन कुछ ही दिनों में कांग्रेस ने उम्मीदवार बदल दिया। अब इस सीट से पांचवी बार प्रदीप यादव मैदान में हैं। पिछले चारों चुनाव वो हार चुके हैं। हालांकि कांग्रेस की तरफ से वो इस बार पहली बार चुनाव लड़ेंगे। प्रदीप यादव को टिकट मिलने के बाद तीन बार के भाजपा के गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे से मुकाबला है। एक एक ओर निशिकांत दुबे ने चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है वहीं प्रदीप यादव की ओर से भी करारा जवाब मिला है। निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है।

गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है। अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ूंगा। प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाउंगा।

प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ता से कहा कि फालतू बातों पर ध्याम नहीं दीजिए। उन्होंने कहा कि निशिकान्त दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है। हम सभी घटक दल को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है। प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है। हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान अंसारी से मिलने वाले हैं। बाकी घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे।



# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट 14 साल की रेप पीड़िता को दी गर्भ गिराने की इजाजत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को तत्काल चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने का आदेश दिया। इसने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसने लड़की की गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और फैसला सुनाया था कि लड़की के लिए हर घंटा महत्वपूर्ण था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल को गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन करने के लिए एक टीम गठित करने का आदेश दिया।

पीठ ने अस्पताल को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि नाबालिग को सुरक्षित रूप से चिकित्सा सुविधा तक ले जाया जाए और महाराष्ट्र सरकार प्रक्रिया का खर्च वहन करने के लिए सहमत हो। बलात्कार पीड़िता की मां ने बॉम्बे हाई कोर्ट के 2023 के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उन्नत चरण के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। बलात्कार पीड़िता की मां के अनुसार, उनकी बेटी फरवरी 2023 में लापता हो गई थी और तीन महीने बाद राजस्थान में एक व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न के बाद गर्भवती पाई गई थी।

उसके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (ढडउरड) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और लड़की अपने परिवार के पास लौट आई। 19 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िता की मेडिकल जांच का आदेश दिया। इसने मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट मांगी थी, अगर वह गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति से गुजरती है या यदि उसे इसके खिलाफ सलाह दी गई थी। पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। आज सुनवाई के दौरान सायन अस्पताल के डीन ने रिपोर्ट सौंपी, जिसमें बताया गया कि छह डॉक्टरों की टीम ने नाबालिग की जांच की। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों में आने वाली महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें बलात्कार पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे विशेष रूप से सक्षम और नाबालिग शामिल हैं।



## मतदान से पहले ही सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध जीते

एजेंसी

**सूरत।** कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी.आर.पाटिल ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सूरत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहला कमल भेंट किया है। मैं सूरत लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं।

नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिनमें बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्यारेलाल भारती और अधिकतर निर्दलीय शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद्द कर दिया था। कुम्भाणी का नामांकन रद्द होने के बाद पार्टी के वैकल्पिक उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी रद्द कर दिया था।



# संक्षिप्त खबरें

बंता में हुआ सरहुल मिलन समारोह

## सरहुल मिलन आपसी प्रेम बढ़ाने का माध्यम : अनिल



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के बंता में मंगलवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की शुरूआत रेडियो पाहन व गुमन पाहन द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना से की गई। मौके जहां सैंकड़ों आदिवासी जुटे, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी अनिल सिंह मुण्डा ने आमजनों को सम्बोधित करते हुए कहा सरहुल पर्व आदिवासी समाज की पहचान है। प्राकृतिक पर्व हम सभी के बीच एकता व प्रकृति प्रेम का संदेश देता है। सरहुल मिलन आपसी प्रेम बढ़ाने का माध्यम है सब मिलकर हमें जल जंगल जमीन की रक्षा करना है। समाजसेवी अमित सिंह मुंडा उर्फ गाडाम ने कहा परंपरा और संस्कृति के साथ एकजुटाता का प्रदर्शन करें, पर्व त्योहारों की संस्कृति को नहीं समझने के कारण हम दिग्भ्रमित होते हैं. हमें धार्मिक एकता दिखाने की आवश्यकता है। इस समारोह का आयोजन गणेश सिंह मुण्डा हेमंत सिंह मुण्डा जन्म सिंह मुण्डा भगत सिंह मुण्डा सुकदेव सिंह पूर्व मनोज सिंह मुंडा मुखिया सुशील सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण

**मांडर**। प्रखण्ड नगड़ा पंचायत में सोमवार को मनरेगा लोकपाल पुष्प लता जायसवाल ने मांडर प्रखंड के नगड़ा पंचायत के विभिन्न रूपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई सिंचाई कूप व आम बागवानी का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही सिंचाई कूप की चौड़ाई व गहराई की मापी भी करायी। यहां के बाद उन्होंने नगड़ा पंचायत सचिवालय मनरेगा से जुड़े कर्मियों के साथ बैठक की और संबंधित योजनाओं से जुड़े 7 पंजी का अवलोकन किया। पंजी का संधारण पूरा नहीं होने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने कर्मियों को दिए। मौके पर मनरेगा बीपीओ गौरव कुमार मिश्रा ,कनीय अभियंता आशुतोष कुमार, पंचायत सेवक आनंद सिंह, रोजगार सेवक मो शमीम, मुखिया बहादुर उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## विहिप हनुमान जन्मोत्सव पर राज्य के 32 हजार गांवों में विशेष आयोजन करेगा : चंद्रकांत रायपत



**रांची**। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा राज्यभर के सभी गांवों में मनाया जायेगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। चंद्रकांत रायपत सोमवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थानों पर मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा। इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री महावीर मंडल रांची का हनुमान ध्वज आज उतारा जाएगा

**रांची :** रामनवमी छठी कार्यक्रम एवं हनुमान जयंती के अवसर पर, श्री महावीर मण्डल राँची के तत्वाधान में महावीर चौक स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में संध्या 6 बजे भव्य महाआरती गंगा आरती, हनुमान चालीसा आरती एवं भगवान रामचंद्र जी की आरती तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। आरती का कार्यक्रम श्री पियूष पाठक के द्वारा संध्या 6 से 7 बजे तक चलेगा। आरती के बाद श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारीयों द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री महावीर मंडल रांची का हनुमान ध्वज को उतारा जाएगा। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा। श्री महावीर मंडल, रांची, राँची के सभी अखाड़ा तथा क्षेत्रीय महावीर मंडल के राम भक्तों से अपील करती है कि कल दिनांक 23.4.24 को संध्या 7:00 बजे के बाद विधि विधान से रांची के चौराहों - सड़कों और अखाड़े पर लगाए गए अपने-अपने हनुमान ध्वज को उतार कर सम्मान पूर्वक उचित जगह पर परंपरा के अनुसार रखें, ताकि हनुमान ध्वज का मयार्दा बनी रहे। इसे अति आवश्यक निर्देश समझे।

## रांची ने गुमला को 260रनो से पराजित किया, रांची के आर्यन कुमार सिंह मैन ऑफ द मैच बने



**गुमला:** गुमला के शहीद तेलंगा स्टेडियम मे खेले गए जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 मुकाबले मे रांची ने गुमला को 260 रनो के बड़े अंतर से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 50 ओवरों मे 8 विकेट खोखर 325 रन बनाए आर्यन ने 85 अनुराग 71 तौहीद 63 आदित्य लाल 44 रन की पारी खेली मयंक राज को 4 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब मे गुमला की पूरी टीम 17.3 ओवरों मे 65 रन पर सिमट गई मयंक राज ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। सौरव ने 27 रन देकर 5 मोहम्मद सरोस और समीर ने दो दो विकेट प्राप्त किए। आर्यन को मैन आफ द मैच चुना गया।

## अफसर अली की रिमांड अवधि 27 अप्रैल तक बढ़ी

**रांची**। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में सोमवार को सात दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी ने अफसर अली से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए छह दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने 27 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है। ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है।

# लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को उपलब्ध करायी जायेगी पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा

बिभा संवाददाता




रांची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 को लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, आवश्यक सेवाओं से जुडे. संस्थान के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

### मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन

वैसे मीडियाकर्मी जिन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान कवरेज हेतु प्राधिकार पत्र प्राप्त किया है और वो पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के इच्छुक हैं। उन्हें बैठक के दौरान बैलेट के माध्यम से मतदान के मार्गदर्शन हेतु वीडियो दिखाया गया।

### पोस्टल बैलेट से कब कर सकते हैं मतदान

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यरत रहेंगे। आपको बतायें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

## अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निकला गया कैंडल मार्च

बिभा संवाददाता



**रांची :** स्वीप के तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक-22 अप्रैल 2024 को अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, विमेंस कॉलेज रांची के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा यंग वोटर को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया।

इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, श्री जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकालने के दौरान छात्र/छात्राओं में गजब का जोश था। उन्होंने जब एक स्वर में कहा ₹कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट₹, ₹25 मई देना है, देना है वोट₹ ये नारा सुन कर कैंडल मार्च के रास्तों में निकले राहगीरों ने भी काफी उत्सुकता से इस मार्च को देखा। उन्होंने भी छात्र/छात्राओं के साथ 25 मई को हम भी मतदान करेंगे और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने कहा की आपका एक-एक वोट से देश सबल और सशक्त बनेगा। आप 25 मई को मतदान जरूर करें।

## उषा मार्टिन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस



बिभा संवाददाता

**रांची**। समाज के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी को बचाया जा सकेगा। इसके लिए हरेक व्यक्ति, परिवार और समूह को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी, ताकि पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों से बचाया जा सके। उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज महिलौंग मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। यह कार्यक्रम उषा मार्टिन फॉउंडेशन और पर्यावरण विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। गांव के स्तर पर बच्चों को जागरूक कर परिवार को इन प्रयासों से जोड़ा जा सकता है। ईएसजी की मैनेजर स्नेहा ने कहा कि जल, वायु और विद्युत संरक्षण से ही हम पृथ्वी की सुरक्षा कर सकेंगे। महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्या हेमलता कुमारी ने कहा कि उषा मार्टिन अपने सीएसआर के तहत विकास एवं पर्यावरण के दिशा में कई पहल किया है। इससे गांव के स्तर पर लोगों की जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम कर ही पृथ्वी को बचाना संभव होगा।

कार्यक्रम में बच्चों के मध्यम भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। भाषण प्रतियोगता में माधुरी को पहला, रबीना को दूसरा एवं सुहानी को तीसरा स्थान तथा पेंटिंग में श्रीद्धि और रूचिका को पहला, शिवम कुमार को दूसरा एवं हरीश को तीसरा स्थान मिला। सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शचींद्र कुमार ने किया। इसको सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के पवन कुमार, वरूण कुमार एवं भुवनेश्वर महतो ने अहम योगदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## आईएनडीआईए की उलगुलान रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची**। राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 02:30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग घुस गए और आईएनडीआईए का विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया, जिसमें उनका सिर फट गया। इसमें प्रभु दयाल समेत 24 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि महारैली में गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी और डंडे आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गई। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया कीटनाशक दवा का छिड़काव

बिभा संवाददाता



**रांची :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राँची समर्पण शाखा ने सोमवार को हात्मा बस्ती, सिद्धू कान्हु पार्क के नजदीक में कीटनाशक दवा का छिड़काव सुबह 8 बजे किया। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा , धरती माँ के समान है हमे खुद इसे साफ रख के इसका सम्मान करना चाहिए । पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार और सयोजिका राधा ड्रोलिया जी के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। शाखा सदस्यों ने बस्ती के लोगो से बात कर उन्हे साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल,रितु पोद्दार,कविता सोमानी,राधा ड्रोलिया उपस्थित थी।

इसके अलावा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम Every Kid Healthy Week का शुभारंभ आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 दिन सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा रांची के द्वारा मारवाड़ी कन्या पाठशाला में किया गया।

Every Kid Healthy Week कार्यक्रम में आज कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों के साथ ,40 मिनट का एक कार्यशाला रखा गया। जिसमें हमने बच्चियों को गुड टच बेड टच के बारे में सेसन करवाया। ये कार्यशाला को करने की लिए जेसीआई इंडिया की जोन ट्रेनर जेसी विनीता द्वारा यह सेशन लिया गया। जिसमे उन्हें पढ़ाई के साथ साथ अपनी सुरक्षा करना सिखाया।उन्हे जागरूक करने का प्रयास किया गया। उपस्थित बच्चों के बीच मंच के ओर से ज्यूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्यों के साथ विद्यालय प्रबंधन का भरपूर सहयोग मिला। इसमें शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, कोमल झुनझुनवाला उपस्थित थी।

कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पृथ्वी दिवस का आयोजन

## पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकने के लिए वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन को कम से कम करने की जरूरत: रिहा शर्मा

बिभा संवाददाता




**चान्हो:** प्रखंड अंतर्गत चोरिया मोड़ स्थित कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अपनी धरती का महत्त्व बताया गया तथा उसे साफ-सुथरा और हरा-भरा रखने का महत्व सिखाया गया। इनका उद्देश्य इन वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाना (रिसाइकिल करना) । वे प्लास्टिक बॉटल खिलौने, ई वेस्ट, तेल और दूध के पैकेट, धातु के बने डिब्बे इकट्ठा किए.इस अवसर पर अनेक छात्राओं ने संवाद बोल कर पृथ्वी दिवस की जानकारियों दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रिहा शर्मा ने पृथ्वी दिवस पर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि (कार्बन फुटप्रिंट)अर्थात कार्बन का उत्सर्जन कर इंसान तीव्र गति से कर पृथ्वी को प्रदूषित कर रहा है जिसके कारण पृथ्वी के वातावरण एवं तापमान में भारी बदलाव का सामना हमे करना पड़ रहा है।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं से यह दृढ़ संकल्प कराया कि हम अपन पर्यावरण और पृथ्वी को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रयत्न करेंगे एवं वृक्षारोपण करें।

## संत जेवियर्स कॉलेज में वन अर्थ, नो प्लान बी विषय के तहत कार्यक्रम का आयोजन

बिभा संवाददाता



**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज में जिओ क्लब भूगोल विभाग और आई.क्यू.ए.सी के संयुक्त तत्वधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर कॉलेज सभागार में वन अर्थ, नो प्लान बी विषय के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उपस्थित सभी अतिथि एवं विद्याथीर्यों का स्वागत करते हुए भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बढ़ते पर्यावरण निम्नीकरण के मुद्दों के बारे में बात करते हुए ऊर्जा का संरक्षण करने और नवीकरणीय संसाधनों की ओर बदलाव करने का सुझाव दिया। इसके बाद कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा बनायी हुई प्रस्तुति दिखायी गई जिसमे झारखंड एवं पर्यावरण बदलाव के मुख्य मुद्दों को लोगो के समक्ष रखा है। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा की हमारे युवा एवं सभी व्यक्ति हमारी पृथ्वी के पर्यावरण व्यव्यवस्था के स्तंभ है। उन्होंने कहा कि अगर धरती को समझना है तो आदिवासी जीवन शैली को समझना होगा। आमंत्रित अतिथि वन संरक्षक एवं राज्य सिल्वीकल्चरिस्ट, झारखंड (आई॰एफ॰एस) स्मिता पंकज ने माइक्रो प्लास्टिक से होने वाले नुकसान कि बारे में के बारे में बताया और सिंगल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक को ना प्रयोग करने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि हमारी अच्छी आदतें ही पृथ्वी को दुबारा स्वच्छ होने में सहायता कर सकती है। प्रधानाचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा, एस.जे. ने छात्रों को संबोधित करके और पर्यावरण संरक्षण के महत्व और प्रकृति की रक्षा के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता पर जोर देकर माहौल तैयार किया। उन्होंने कहा कि , संत जेवियर्स कॉलेज रांची उन जिम्मेदार वैश्विक नागरिकों के पोषण के लिए प्रतिबद्ध है जो पर्यावरण प्रबंधन के महत्व को समझते हैं। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के 1/3 कोय एन सी सी के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं बैग वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिमेष रॉय , आई क्यू ए सी कॉर्डिनेटर डॉ शिव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. बी के सिन्हा ,डॉ अजय श्रीवास्तव , डॉ नुसरत, डॉ संदीप चंद्र , डॉ मधुमिता मिंज सहित 300 विद्यार्थी मौजूद थे।

## संजय सेठ के कांके विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



बिभा संवाददाता

**रांची/ कांके**। रांची लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के कांके विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रिंग रोड सुकुरहुट्टू मे विधिवत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कार्यकर्ता दिनरात लग जाएं तथा सभी को केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास योजनाओं की जानकारी दें। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होना सौभाग्य की बात है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि 400 पार सीटें आने पर एक देश एक कानून बनेगा। अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथ पर लाना कार्यकताओं की जिम्मेवारी है। उलगुलान रैली में हुई मारपीट को अनुशासनहीनता और अराजकता बताया। उनके साथ विधायक समरी लाल, संयोजक संजीव विजयवर्गीय, रमाकांत ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, मनोज महतो समेत अन्य ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए चुनाव में उनके अहम भूमिका की चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कांके मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा ने किया। मौके पर मनोज साहू,ठानो मुंडा, कमलेश राम, रंजन पासवान, प्रभात भूषण सहित सभी नौ मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### युथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्य वियतनाम जायेंगे.



**रांची** :युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखण्ड राज्य शाखा के पदाधिकारी वियतनाम जायेंगे. ये पदाधिकारी वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और हनोई के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों का दौरा करेंगे. यूथ हॉस्टलस एसोसिएशन के अंतर्राष्ट्रीय और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इसकी जानकारी देते हुए युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखण्ड राज्य के चेयरमैन श्री शिवेन्द्र दुबे ने बताया की झारखण्ड राज्य के रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन प्रयासरत है और इस वर्ष से नेतरहाट, पारसनाथ और देवघर ट्रेकिंग और ट्रेनिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया जायेगा. इस वियतनाम यात्रा के संयोजक श्री उदय साहू ने बताया की यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और हमारा दल 25 अप्रैल को रवाना होगा. झारखण्ड से वियतनाम जा रहें इस दल मे उदय साहू, मनोज महतो, राजकुमार जैन, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, शिवेन्द्र दुबे शामिल है.

### सरना झण्डा का राजनीति कार्यक्रम में प्रयोग करना बर्दास्त नही : डब्लू मुण्डा



**रांची** : सोमवार को कांके रोड़ सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुण्डा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा 21 अप्रैल 2024 को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में प्रकृति पूजक सरना धर्मावलंबी का झंडे का उपयोग किये जाने पर कांके रोड सरना समिति, रांची ने कड़ा विरोध जताया है। कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरना झंड़े का अपमान है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक महारैली में प्रकृति पूजक आदिवासियों के धार्मिक झंडे और झंडे के साथ अपना चेहरे चमकाना आदिवासी समुदाय का अपमान है। तथाकथित केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की का यह कदम पूर्णतः सरना धर्मावलंबियों के खिलाफ है और सरना समुदाय का अपमान है।अजय तिर्की को संपूर्ण सरना आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

### भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने भरा पर्चा, बाबूलाल मरांडी भी रहे मौजूद



**रांची**। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा नामांकन के लिए डीसी ऑफिस पहुंची। जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए पर्चा भरा। इस दौरान उनके साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और पूर्व सीएम और उनके पति मधु कोड़ा सहित पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद रहे। डीसी ऑफिस पहुंचने से पहले आज सुबह 10 बजे गांधी मैदान से पदयात्रा करते हुए गीता कोड़ा तांबो चौक स्थित खूंटकट्टी मैदान पहुंची, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि गीता कोड़ा के के बहाने बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन शक्ति प्रदर्शन करेंगी। एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला के कार्यकर्ता एकत्रित होंगे।

### हॉकी खिलाड़ियों के लिए आयोजित गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग पर विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**रांची** : भारतीय महिला हॉकी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाले झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों में गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग में भी और अधिक दक्षता लाने के लिए हॉकी इंडिया ने हॉकी झारखंड के साथ मिलकर गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग के लिए झारखंड की राजधानी रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में विशेष कोचिंग प्रशिक्षण क्लिनिक आयोजित है। जो आज 22 अप्रैल से शुरू होकर 24 अप्रैल, 2024 तक चलेगा। जिसका आज प्रारंभ हो गया है। जिसमे गोलकीपिंग विशेषज्ञ सुश्री योगिता बाली और ड्रैग फ्लिकिंग गुरु सुश्री जसप्रीत कौर रांची पहुंची हुई है और आज से झारखंड महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपना गुर दे रही है। इस प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के विभिन्न जिला और खेल बिभाग द्वारा संचालित एकलव्य हॉकी सेंटर सहित विभिन्न आवसोय हॉकी सेंटर के 35 महिला हॉकी खिलाड़ी भाग ले रही है।

### हटिया विधायक नवीन जायसवाल की माता के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक



**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विधायक नवीन जायसवाल की माता शांति जायसवाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा भगवान उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। तथा परिजनों को दुख सहने की ताकत एवम धैर्य प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज सिंह ,उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ,राकेश प्रसाद,आरती कुजूर सहित अन्य शामिल हैं।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं करें भौतिक समीक्षा: के. रवि

बिभा संवाददाता



**राँची**। लोक सभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में विकसित करें पदाधिकारी। मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इस हेतु उन्हें अपने मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिले धनबाद, बोकारो, राँची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के क्रम में कही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढिया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें।

के. रवि कुमार ने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें । इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें।इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अहर्ता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें।

उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के कार्यों को वृहत स्तर पर कराते हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर कारणों की समीक्षा कर लक्षित होकर जागरूकता फैलाएं। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर राँची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। साथ ही तैयार कार्ययोजनाओं के बारे में भी जनकारी दी।

इस अवसर पर निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा , संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता उपस्थित थे।

# संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है : सुदेश महतो

बिभा संवाददाता



**रांची** : संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुँच है। इस पहुँच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक के दौरान कही। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावी चेहरा है वहीं दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है।

हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकताओं की अहम भूमिका है।

बैठक में खूंटी लोकसभा प्रभारी रमेश मुंडा, गुंजल इकिर मुंडा, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, केंदीय सदस्य केशव चंद्र महतो, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल, रांची जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, दुति कृष्ण मुंडा, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, महिला अध्यक्ष राधिका देवी, बुंडू नगर अध्यक्ष सुमित्रा देवी,तमाड़ पूर्वी महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, योगेस्वर महतो,शुखसारन महतो,मो० सेराज,अभिषेक गोराई, प्रीति कुमारी,ननदे महतो,सुबोध माझी, आकाश बिट,आकाश कुमार,समीर गोराई, भीम महतो आदि उपस्थित थे।

## राज मिस्त्री हत्या मामले में दो नाबालिक समेत पांच गिरफ्तार



बिहान भारत संवाददाता

**रांची** । बेड़ो में राजमिस्त्री की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन पांच में 2 नाबालिक है। पुछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बता दें कि शनिवार की शाम 25 वर्षीय राजमिस्त्री सरवर अंसारी अपने साथ काम कर रही रेजा बिरसमुनि उराइन चरिमा गांव निवासी को उसके घर पैसा पहुंचाने गया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को एक जगह देखा, इसके बाद ग्रामीणों से उसकी बकझक होने लगी। रेजा बिरसमुनि उराइन ने ग्रामीणों से कहा कि वह मुझे पैसा देने आया है। इसके बावजूद ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास फेंक दिया। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम खिरदा गांव पहुंची और रात लगभग दो बजे टावर के पास से शव बरामद किया। घटनास्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत मे पुलिस ने मृतक का पेशन प्रौ मोटरसाईकिल (जेएच01डीसी-4705) बरामद किया।आरोपी पंचम उरांव, शंकर उरॉव, महावीर उरांव को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया एवं घटना में शामिल दो विधि विरूद्ध निरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया. फिलहाल, पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है।

## रैली के केंद्र में कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन हुए किनारे : प्रतुल शाह देव

बिभा संवाददाता



**रांची**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने उलगुलान न्याय महारैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि पूरी रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगले नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई। कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रही जबकि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री के अपमान के समान है। प्रतुल भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए कि 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई?

प्रतुल ने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। दर्जनों के सिर फट गए। कईयों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अब निराश-हताश झामुमो और कांग्रेस बीजेपी पर हंगामा का आरोप लगा रहीं है जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता, कार्यकर्ता एक-दूसरे को पीट रहे थे।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पूर्व बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आए लेकिन रैली के दिन गायब रहे। मीडिया में यह खबरें फैलीं कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था। सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था। संभवत इसी कारण से वह नहीं आए और झामुमो इस मुद्दे पर झूठ बोलती नजर आई। प्रतुल ने कहा कि जो कुछ भी रैली में हुआ वह परिवारवादी इंडी गठबंधन की सच्चाई को दशार्ता है।

## सुप्रियो ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, जताया आभार

बिभा संवाददाता




**रांची**। जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया। उन्होंने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जनसैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बह रही है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जननेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

सुप्रियो ने कहा कि मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमें लगता है कि यह भाजपा की तरफ से प्रायोजित था। भाजपा ने हताशा और निराशा में ऐसा काम किया है। मारपीट की घटना टागेर्टेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है। महारैली में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की अनुपस्थिति पर सुप्रियो ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबीयत खराब हो गयी थी। इस कारण दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

## पृथ्वी का संरक्षण एवं संवर्धन में सहयोग करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी : डॉ राजकुमार शर्मा

बिभा संवाददाता



**राँची** : डोरण्डा महाविद्यालय, राँची की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई के तत्वावधान में ₹ विश्व पृथ्वी दिवस₹ के अवसर पर इस वर्ष का थीम ₹ प्लानेट वर्सेज प्लास्टिक ₹ विषय पर संगोष्ठी सह युवा संवाद कार्यक्रम प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि पृथ्वी का संरक्षण एवं संवर्धन करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से लगातार छेड़ छाड़ करने से पृथ्वी के साथ ही साथ मानव जीवन भी संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है लेकिन विकास के इस दौड़ में पर्यावरण को असन्तुलित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से जल, जंगल, जमीन के संरक्षण हेतु सकारात्मक पहल करने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर यू के एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती है।उन्होंने कहा आज सभी को संकल्प करना चाहिए कि प्रत्येक शुभ कार्यों में एक - एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करेंगे।उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने में सभी को महत्वपूर्ण योगदान देने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम को बी एड विभाग के डॉ सीमा सिंह, डॉ मनोज कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एमलीन केरकेट्टा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कंचन मुंडा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डोरण्डा कॉलेज के एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः अमन, संकल्प, शशांक, गोलू, कंचन, खुशी , खुशबू आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में पृथ्वी संरक्षण पर कॉलेज के प्राचार्य द्वारा शपथ भी कराया गया।

## रिम्स में सुरक्षा में भारी चूक, कैदी हथकड़ी निकाल हुआ फरार

बिभा संवाददाता

**रांची**। रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला। आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था।

बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव ओर जीतलाल महतो ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपित भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा। इस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिला की पुलिस को अलर्ट कर दिया है।

श्याम किशोर चौधरी को ऑपरेशन के बाद कैदी वार्ड से 16 अप्रैल को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से ही सर्जरी वार्ड में ही उसका इलाज चल रहा था। बरियातू पुलिस ने जब कैदी की सुरक्षा में तैनात दोनों जवानों से पूछताछ की, तब एक जवान शनिचरवा उरांव ने बताया कि वह लघुशंका के लिए गया था। जबकि जीतलाल महतो ने बताया कि पेट खराब होने की वजह से वह शौचालय जाने के बाद रिम्स दवाखाना दवा लाने गया था। इस तरह कैदी की सुरक्षा में तैनात जवान उसकी सुरक्षा में नहीं थे। इस कारण कैदी को मौका मिला और वह हाथ से हथकड़ी निकालकर भाग निकला।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदाता जीवन रक्षक के समान होता है : चंदन बांठिया



**बोकारो :** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर भारतीय रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जैन मिलन परिसर में आयोजित इस शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम के संयोजक चंदन बांठिया ने कहा कि जरूरतमंद को अपना रक्त देकर उसका जीवन बचाना ईश्वर की आराधना के समान है। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्री आलोक ने कहा है कि जैन धर्म के अनुयायी मानव सेवा एवं कल्याणकारी कार्य आगे भी करते रहेंगे। आलोक ने बताया कि रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी काफी संख्या में रही और उन्होंने बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में योगदान दिया। रक्तदाताओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर मोहंती ने कहा की इंसानियत के लिए रक्तदान बेहद आवश्यक है। डॉ मोहंती ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सब की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए समाज में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। विनय बैद ने बताया की जैन समाज के कार्यकर्ता वर्ष भर थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराते रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ?विनय बैद, अंकित जैन, सिद्धार्थ चोरड़िया, अंकित चोपड़ा,अमृत लोढ़ा,डॉ आकाश जैन, विकास जैन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन

सुरक्षित पर्यावरण से ही पृथ्वी का बचाव संभव : बृज मोहन लाल दास



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया` उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने किया । प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत 1970 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से हुई` पृथ्वी दिवस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण व जैव विविधता संरक्षण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना है । हम लोग अपनी सुख सुविधा के लिए लगातार पर्यावरण का दोहन करते गए. इसका परिणाम ग्लोबल वार्मिंग के रूप में हमारे सामने है। ग्लोबल वार्मिंग का सीधा असर हमारी धरती पर पड़ रहा है । सुरक्षित पर्यावरण से ही पृथ्वी का बचाव संभव है । अभी भी समय को बिना गंवाए पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त कर सकते है । उन्होंने कहा कि सुरक्षित पर्यावरण के लिए हमें पौधारोपण का संकल्प लेना होगा, ताकि धरती का बचाव हो सके ।विभिन्न तरह के हानिकारक कचरो को उपजाऊ मिट्टी में फेंक दिया जा रहा है । इसका नतीजा उपजाऊ जमीन भी बंजर होती जा रही है । सीधा असर उपजने वाले अनाजों पर पड़ रहा है । जमीन बंजर होगी तो अनाज की पैदावार कम होंगे । भविष्य में हमारे खानपान पर इसका असर पड़ेगा । पृथ्वी के लगातार दोहन का कारण ही भीषण गर्मी व पेयजल जैसी समस्याओं का सामना मानव जाति कर रहा है । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने पृथ्वी दिवस के बारे में इस वर्ष की थीम ₹ग्रह बनाम प्लास्टिक ₹ को मनाने के उद्देश्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी । इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा चौथी तक के 400 बच्चों ने भाग लिया । पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए,ग्लोबल वार्मिंग जल संरक्षण , जीव संरक्षण विषयों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इसमें कविता वाचन नारा लेखन , भाषण एवम चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम समाप्ति के बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया` पौधारोपण से लाभ की जानकारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को दी। साथ ही अभिभावकों से भी पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की । मौके पर नागेद्र प्रसाद, बाल शेखर झा, प्रशांत कुमार, गौतम कुमार सिंह, कुमार समरेश, रूबी यादव, भावना घाले, ममता कुमारी, आभा सिंह, नीलम झा, अराधना, सोनिया, पूतुल मंडल, विद्या सागर, श्याम भूषण श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे ।

### पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस,हत्या की आशंका



**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 5 स्थित पेट्रोल पंप के पीछे झाड़ियों में सोमवार को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला. सुचना के बाद पुलिस ने क्षत-विक्षित स्थिति में एक व्यक्ति का शव अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि यह शव सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 स्थित पेट्रोल पंप के पीछे से बरामद की गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए सेक्टर 4 थाना के थाना प्रभारी आर एन राणा ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि इसकी हत्या कुछ दिन पूर्व की गई होगी तथा शव को यहां छुपा दिया गया होगा। उन्होने कहा कि पेट्रोल पंप के समीप गैरेज के पीछे जंगल में शव फेंके जाने की सूचना मिली थी। जिसका सत्यापन करने पर जंगल से शव मिला। पुलिस अब मामले की तहकीकात में जुट गई है। मालूम हो कि सेक्टर-4 के जंगलनुमा झाड़ी से व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।

# भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद लोकसभा सीट पर लड़ेगी चुनाव : सरयू राय

बिभा संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह



उनसे मिलने जरूर आई थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है। सोमवार को सरयू राय प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। सरयू राय ने इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही उन्हें सजा हुई है। जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसएसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दाखिल किया था, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराओं वाले भी केस दर्ज हैं, जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

वहीं सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीता था। यदि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है। सरयू राय हाल के दिनों में बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के उपर हमलावर दिखे हैं।

# डा. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय धरती दिवस



बिभा संवाददाता

बोकारो : डा. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल रानीपोखर सेक्टर 9 समेत रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय धरती दिवस का आयोजन किया गया ' जिसमें बच्चों ने धरती दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ' इस अवसर पर आठवीं और नौंवी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने मोनो एक्ट के माध्यम से एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया ' जिसमें दिखाया गया कि धरती माता की रक्षा को लेकर पेड़ को नहीं काटना चाहिए। जबकि धरती की रक्षा को लेकर पैड़ पौधा लगाना जरूरी है ' इसको लेकर बच्चों ने सभी लोगों को मोनो एक्ट के माध्यम से जागरूक किया ' जिसमें लोगों को पेड़ नहीं काटने का संकल्प दिलाया ' मोनो एक्ट में सूरज यादव, पूजा कुमारी,अनुपमा नाग, आदित्य, नेहा, मेहक, श्रेया, नीतू, नीरज ने बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही सभी लोगों को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया ' भाषण प्रतियोगिता में रोशनी, प्रिया, खुशी, सुमन कुमार शामिल रहे। मुख्य अतिथि डा. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार का स्वागत प्रकृति बंधन से किया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि धरती हमारी माता है इसकी रक्षा करना सभी का कर्तव्य है ' धरती की रक्षा कर ही हम स्वस्थ रह सकेंगे ' मौके पर रॉयल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रूपम गुप्ता ,शिक्षिका विभा रानी ,खुशबू कुमारी, ऋषभ कुमार, मिथिलेश कुमार ,रेणु शर्मा, सुधा सिन्हा, ज्योति कुमारी, शकुंतला देवी,राखी कुमारी आदि शामिल रहे।

## घर में छापेमारी कर उत्पाद विभाग ने अवैध विदेशी शराब किया जब्त

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त है।

इसी के आलोक में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी टीम का गठन किया गया।

टीम एवं प्रतिनियुक्ति गृहरक्षकों के द्वारा सोमवार को चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव,छोटन साव,राजेंद्र साव के घर पर छापेमारी की गई। विधिवत तलाशी के क्रम में *घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल एवं ढ़क्कन बरामद हुआ। संबंधित अभियुक्तों जागो साव,छोटन साव,राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मौके से टीम ने विदेशी शराब 298



लीटर, खाली बोतल 1500 पीस, ढ़क्कन 1100 पीस एवं लेबल 500 पीस को जब्त किया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद श्री संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर श्री कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे। जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## ईडी के डर से कई भ्रष्ट नेता भाजपा में शामिल : अनूप सिंह

बिभा संवाददता

**बोकारो :** बोकारो के लोहांचल कॉलोनी स्थित क्लब में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि ईडी के डर से कई भ्रष्ट नेता भाजपा पार्टी में शामिल हो गए हैं और जो नहीं हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

परिवारवाद के संबंध में कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि क्या राजनाथ सिंह के परिवार में परिवारवाद नहीं है। क्या माधव लाल सिंधिया के बेटे ज्योति आदित्य सिंधिया परिवारवाद नहीं हुआ। क्या अजीत सिंह चौधरी के परिवार में परिवारवाद नहीं हुआ। क्या रमन सिंह के परिवार में परिवारवाद नहीं हुआ। क्या भानु प्रताप शाही, कालीचरण मुंडा सहित कई नेता जिनमें परिवारवाद हावी है।

हम परिवारवाद नहीं सेवावाद कहते हैं यह परिवारवाद सिर्फ हमारे में ही विरोधियों को दिखता है। वे जिसे परिवारवाद कहते हैं हम उसे सेवावाद कहते हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर ही बनेगा, राजनीतिक करने का पीढ़ी राजनीति ही करेगा। भाजपा को कुछ नहीं मिलता है तो यह सब बेवजह बकवास करते रहते हैं।आगे उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो ने ददई दुबे से आशीर्वाद लिया था इस संबंध में पूछे जाने पर जय मंगल सिंह ने कहा कि ददई दुबे हम सभी के अभिभावक हैं और मेरे भी अभिभावक हैं। मैं भी आशीर्वाद लेने जाऊंगा। राजसिन्हा, बिरंची नारायण के पास भी मैं आशीर्वाद लेने जाऊंगा। इसका मतलब यह नहीं है कि वह कांग्रेस पार्टी में आ जाएंगे।

आगे उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो बैकवर्ड फॉरवर्ड की राजनीति करते हैं। अगर वह ददई दुबे का आशीर्वाद लिए हैं तो उनके मार्गदर्शन में ही चलना चाहिए। बैकवर्ड फॉरवर्ड की राजनीति नहीं करनी चाहिए। सरयू राय के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरयू राय मेरे अभिभावक हैं उनका पूरा सहयोग और समर्थन मिल रहा है और जल्द ही सरयू राय हमारे समर्थन में प्रेस वार्ता भी करेंगे। हमें उनका भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## डीपीएस बोकारो में जागरुकता परक गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया

**विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक-मुक्त हरी-भरी धरा बनाने का संकल्प**

**धरती मां की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व व धर्म : प्राचार्य डॉ. गंगवार**

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** संपूर्ण जीव-जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने तथा इसकी रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्राइमरी व सीनियर, दोनों ही इकाइयों में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषयवस्तु (थीम) प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरुकतापरक गतिविधियों में भाग लिया और



पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। यह श्रृंखला प्राइमरी इकाई में धरती माता को समर्पित गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से शुरू हुई। इस क्रम में कक्षा एक की छात्रा शान्वी श्रीनिधि ने धरा की महत्ता बताती अपनी प्रस्तुति से सभी को मोहित कर दिया। इसके पश्चात कक्षा चार एवं पांच के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा पानी एवं बिजली की बचत करने का संदेश दिया गया। अंत में बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने नारा-लेखन, काव्य-पाठ, पोस्टर व कलाकृति-निर्माण तथा आकर्षक चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इस दौरान बच्चों के साथ स्वयं भी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी है, तो हम हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करना और पृथ्वी को प्लास्टिक-मुक्त बनाना होना चाहिए। इस दिशा में हमें लगातार ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए उन्होंने बच्चों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

सीनियर इकाई में भी विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पेंटिंग, शपथ-ग्रहण एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से तैयार की गई आकर्षक कलाकृति अपने प्राचार्य को भेंट की। प्राचार्य ने भी बच्चों को पौधे भेंट करते हुए पृथ्वी की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने 12वीं कक्षा के छात्र अर्जित अनुकूल द्वारा खास तौर से डिजाइन किए गए बैज पहने। विद्यालय के सभी कर्मियों ने दिनभर यह बैज लगाकर काम किया।

उल्लेखनीय है कि प्रकृति के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) मनाया जाता है। 22 अप्रैल, 1970 में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के जन्म की सालगिरह का यह प्रतीक माना जाता है।

# सखी बहिनपा मैथिलानी समूह द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह आयोजित

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की संस्थापक व अध्यक्ष आरती झा, महासचिव मनोरमा झा, सुनीता झा व उषा झा के बोकारो आगमन पर सेक्टर 4 सिटी सेंटर स्थित रॉयल दरबार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सखी बहिनपा, बोकारो इकाई द्वारा आयोजित इस समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ आगत अतिथियों व बोकारो इकाई अध्यक्ष अमिता झा, सचिव उषा झा, उपसचिव नूतन झा, कोषाध्यक्ष संगीता मिश्रा व सुजाता झा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी जयंती पाठक, मीडिया प्रभारी संजीता झा व रेखा झा, संगठन प्रभारी मुन्नी झा, कल्याणी मिश्रा आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भगवती गीत ह्यजय भैरवि असुर भयावनि....ह्न



की प्रस्तुति के बाद सुजाता झा, जयंती पाठक, नूतन झा, उषा झा, मुन्नी झा व कंचन झा ने स्वागत गीत ह्यमंगलमय दिन आजु हे पाहुन छथि आयल....ह्न की सुमधुर प्रस्तुति की। स्वागत भाषण सचिव उषा झा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सखी बहिनपा ग्लोबल संस्था है। इसकी इकाई भारत के विभिन्न शहरों सहित विदेशों में भी है। तत्पश्चात सखी बहिनपा की केन्द्रीय अध्यक्ष आरती झा सहित अन्य अतिथियों को मिथिला के परंपरानुसार उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा की अध्यक्ष आरती झा ने अपने संबोधन में संस्था के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में बड़ों को समुचित सम्मान व छोटे को स्नेह दिया जाता है वह परिवार खुशहाल रहता है। उसी तरह सखी बहिनपा समूह एक परिवार की तरह है, जहां सभी को उचित महत्व दिया जाता है। उन्होंने बोकारो इकाई की गतिविधियों की सराहना की और इसी तरह मिथिला की कला-संस्कृति के उत्थान सहित सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। महासचिव मनोरमा झा ने कहा कि संस्था प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है। बोकारो इकाई कला संस्कृति के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छा कार्य कर रही है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में निशा झा ने ह्यकुंज भवन सं निकसलि रे रोकल गिरधारी.... गीत तथा जया मिश्रा ने ह्यकुहकल बसंत के भोरहि कोयलिया... गीत पर सुंदर भावनृत्य की प्रस्तुति की। किरण मिश्रा, आशा झा, मधु ठाकुर, जयंती पाठक व बीणा झा ने भगवती गीत ह्यकहवां नहेली काली....ह्न की सुंदर प्रस्तुति की। उषा झा, संगीता मिश्रा, नूतन झा, सुजाता झा, जयंती पाठक व संजीता भुवनेश ने पारंपरिक झिझिया नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। अर्चना चौधरी, नीलम झा व शैलजा झा ने काव्यपाठ से सबकी वाहवाली ली। कार्यक्रम का समापन नीलम, जयंती, आशा झा व किरण मिश्रा द्वारा प्रस्तुत समदाओन गीत से हुआ। कला-संस्कृति, लेखन व सामाजिक योगदान के लिए अरुण पाठक को मिथिला पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा के आजीवन सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ मंजू झा, रंजना भगत, नंदा झा, इंदिरा झा, किरण झा, ममता झा, पद्मा चौधरी, मीरा मिश्रा, अलका झा, प्रीति प्रिया, आशा पाठक, ज्योति झा शारदा चौधरी आदि उपस्थित थीं।

## सरिया पुलिस ने 150 बोतल अवैध शराब जब्त की



**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयरीडीह गांव में एफएसटी टीम ने सोमवार को छापेमारी कर 150 बोतल अवैध शराब जब्त किया। शराब रंजीत राम के घर से बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक सरिया के एसडीपीओ धनंजय प्रसाद राम को गुप्त सूचना मिली थी कि कोयरीडीह निवासी रंजीत घर में अवैध तरीके से शराब का कारोबार कर रहा है। इसके बाद एफएसटी प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में घर में छापेमारी कर शराब जब्त की गई। हालांकि, आरोपित मौके से भाग निकला। आरोपित रंजीत राम के खिलाफ सरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### डाक मतपत्र संबंधी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बारीकियों की दी गयी जानकारी



**खूँटी** । लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट कोषांग के मतदाताओं तथा घोषणा पत्र से संबंधित बैठक किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने अध्यक्षता करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विशिष्ट बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वृतचित्र के माध्यम से डाक मतपत्र संबंधित सभी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों/कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। आवश्यक सेवा के ऐसे सभी पदाधिकारी और कर्मी डाक मतपत्र हेतु अधिकारी के समक्ष अपने विभाग/कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के माध्यम से फॉर्म 12 डी प्रस्तुत करेंगे जिसके जांचोंपरांत निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उन्हें मतदान हेतु डाक मतपत्र निर्गत किया जाएगा। साथ ही पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिए जाने वाले फॉर्म 12 (डी) की जानकारी दी गयी।


वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' के दिए गए संदेश

### हाट बाजारों में मतदाताओं को किया गया जागरूक



**खूँटी** । जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान में 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। इस दौरान व्यवसायिक वर्ग के लोगों/ग्राहकों/आमजनों आदि को मतदान करने के लिए जागरूक/प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हाट बाजार में निर्वाचन शुभंकर के माध्यम से मनोरंजक रूप से मतदाताओं को जागरूक किया।

### जंगली हाथी ने ढहाया किसान का घर



**रनिया** । प्रखंड क्षेत्र के सोदे गाँव में सोमवार रात एक बार पुनः जंगली हाथी का प्रकोप देखने को मिला है। सोमवार की रात आठ के आसपास एक जंगली हाथी ने किसान लुन्दरू के कच्चे मकान को तोड़कर नुकसान पहुंचाया है।ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की जंगली हाथी सिमडेगा के बानो से कोयल नदी पार कर सोदे पहुँचा था। जंगली हाथी के गाँव में पहुंचते ही ग्रामीणों के द्वारा एकजुट होकर इसकी जानकारी सीआरपीएफ कैंप सोदे के निरीक्षक जीडी बिहारी लाल को दी गई। इसके बाद जंगली हाथी को सीआरपीएफ जवानों व ग्रामीणों ने खदेडकर जंगल की ओर भगाया। जंगली हाथी के द्वारा मकान को तोड़ने से पीड़ित किसान की परेशानी बढ़ गई है।

### अर्जुन मुंडा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**खूँटी** । जिले के कर्रा प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार को जनसम्पर्क कार्यक्रम के क्रम में कर्रा के लोगों के बीच पहुँचे और चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर, इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जनसंघ काल के कार्यकर्ता विनोद प्रसाद सोनी के आवास पहुँचे। साथ ही अपने सभी कार्यकताओं से कुशलता की जानकारी ली। इसी क्रम में नामांकन कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया? मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सोनी, बसंत सिंह मुंडा, रंजीता देवी, संजय सिंह, बिहारी सिंह, नागेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, करनो बड़ाइक, प्रभात सिंह, महादेव लोहार, आशीष कुमार, गौरव प्रसाद जमुना प्रसाद आदि कार्यकर्ता ने अर्जुन मुंडा जिंदाबाद के नारे लगाए। यह जानकारी विष्णु प्रसाद सोनी ने दी।

### गनालोया विद्यालय का नल-जल योजना का कार्य पर सवाल



**खूँटी** । जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनालोया गाँव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नल जल योजना के तहत दिया गया जल कनेक्शन में निर्माण कार्य पर लोग सवाल खड़ा करने लगे हैं। वहीं पंचायत समिति सदस्य रौशन लाल गंझू ने बताया कि नल का स्टैंड को ईट और सीमेंट से बनाना था लेकिन पाईप खड़ा करके छोड़ दिया है। जो कुछ ही दिनों में नल का टेप झूकने लगा है । वहीं ग्रामीणों ने ठीकेदारी पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। इस मामले पर उप प्रमुख अरुण साबू ने कहा कि हर घर नल जल योजना सिर्फ ठेकेदार अफसर को कमाने के लिए बनाया जाता है। यही कारण है कि जिले के नल जल योजना के तहत दिया गया सप्लाई खराब पड़े हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी ऐसी स्थिति का निरीक्षण करते हैं या नहीं यह संशय भरा रहता है। और बिना गुणवत्ता पूर्ण कार्य होने के बावजूद उन्हें भुगतान कर दिया जाता है।

# अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुण्डा आज करेंगे नामांकन

## राजनाथ सिंह और चम्पई सोरेन अपने अपने उम्मीदवारों के नाम पहुँचेंगे खूँटी

बिभा संवाददाता





**खूँटी** । खूँटी शहर से लेकर समाहरणालय तक नहीं आज जनोत्सव होनेवाला है। क्योंकि आज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय पार्टियों के दो उम्मीदवार नामांकन प्रपत्र जमा करेंगे। जिसमें एनडीए की ओर से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और महागठबंधन की ओर से कांग्रेस नेता कालीचरण मुंडा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं दोनों दल समुह के प्रत्याशी समर्थकों के साथ पहुँचेंगे। जिसमें एनडीए की ओर से भाजपा के दिग्गज नेता देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो रविंद्र राय व लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुण्डा तथा स्थानीय दोनों विधायक उपस्थित रहेंगे। एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा है कि हम एक अच्छी शासन एक अच्छा विकास का मॉडल के साथ विकसित भारत बनाने की तरफ आगे बढ़ने का घोषणा है। उन्होंने कहा कि दूसरे पार्टी घोषणा पत्र जारी तो करते हैं पर खुद ही उसे देख नहीं पाते हैं। लेकिन हमारी घोषणापत्र जारी करते हैं तो उसे पूरा भी करते हैं। जिसमें सभी मंत्रालयों के लिए घोषणा होता है।

वहीं दूसरी ओर, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावे झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन उपस्थित रहनेवाले हैं। इसके लिए दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता नामांकन को लेकर भीड़ जुटाने में भी लगी हुई है। महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि वर्त्तमान सांसद का कोई कार्य क्षेत्र में नहीं दिखता है। सिर्फ सांसद अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से क्षेत्र में दिखते हैं। इस बार चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार होगी और महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है, भारी अंतर से जीत होगी।

## पाँचवीं अनुसूची की आवाज बुलन्द करनेवाली विख्यात नेत्री बबीता कच्छप समेत दो उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । एक समय ग्राम सभा और पत्थरगड़ी की नेत्री के रुप में उभरी जनजातीय नेत्री बबीता कच्छप गाँव गाँव में पहचान ही मात्र नहीं बल्कि हजारों की संख्या में समर्थक भी खड़ा कर ली थी। इतना ही नहीं बल्कि अबुआ राज के लिए पत्थरगड़ी करके ग्रामसभा के अनुसार देश का विकास व शासन व्यवस्था लागू कराने की आवाज उठाई थी। वहीं इस बार बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी के बैनर तले जल जंगल जमीन की बात को लेकर चुनावी मैदान में उतरी है। और सोमवार को पर्चा दाखिल की। जिसने पर्चा दाखिल करने से पहले ही क्षेत्र में कई बैठकें कर चुकी है। जिनके समर्थन में जन शैलाब भी दिखाई दिया है।

वहीं समाहरणालय में लोकसभा क्षेत्र चुनाव मैदान में उतरने के लिए सोमवार को कुल 03 अभ्यर्थियों नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीदा। जबकि दो उम्मीदवारों ने पर्चा भर दिया है। जिसमें पाँचवीं अनुसूची की लड़ाई लड़नेवाली विख्यात नेत्री बबीता कच्छप समेत दो उम्मीदवारों ने भरा पर्चा है। ये अभ्यर्थी भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार बबिता कच्छप, ग्राम - गड़ा मेड़तिया, पो. गड़ा मेड़तिया, थाना - चितरी, जिला - डुंगरपुर, राजस्थान निवासी के नाम से नामांकन प्रपत्र भरा गया है। वहीं दूसरा प्रत्याशी स्वतंत्र अभ्यर्थी पास्टर संजय कुमार तिर्की, ग्राम - कांटी बिरटोली, कर्रा थाना, जिला - खूँटी, राज्य - झारखंड के नाम से पर्चा भरा गया है।

# विकसित भारत हेतु मतदान देकर भाजपा को समर्थन तभी होगा भारत आगे : अर्जुन

बिभा संवाददाता



खूँटी । जिले के जरिया गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़िकेल व बकसपुर गाँव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को भाजपा कार्यकताओं के साथ गाँव का दौरा किये। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने बीच केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को देख हर्षोल्लास पूर्वक उनका स्वागत किया और मांदर की थाप पर अभिनन्दन किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी को बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना आवश्यक है। क्योंकि आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए इसके लिए हमें विकसित भारत का निर्माण करना है। यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में अपना मतदान भाजपा के नाम करेंगे। उन्होंने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। अर्जुन मुंडा ने यह भी कहा कि विकास के लिए हमे परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें विकास में गतिशीलता लानी होगी। उन्होंने कहा कि एक ओर हम ऑर्गेनिक फूड की बात करते हैं और गोबर से दूर होते जा रह हैं। उन्होंने कहा कि विकास के लिए समयबद्ध काम होंना चाहिए। घड़ी को बंद होने से समय नहीं रुकता। भुईहरी जमीन को हड़पने वाले आदिवासियों का विकास क्या करेंगे। राज्य सरकार पर हमला करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भुइंहरी की जमीन को हड़पने वाले न आदिवासियों का विकास करेगें और न आदिवासियत की रक्षा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को दलालों को देंनें के लिए ही इस सरकार ने सीएनटी एक्ट में बदलाव का भी प्रयास किया. तत्कालीन मंत्री मथुरा महतो के पास सीएनटी में संशोधन वाली फाइल अब भी पड़ी है।केंदीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासियों खासकर खूंटी को काफी सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू कोई प्रधानमंत्री नही आये थे. द्रौपदी मुर्मू पहली राष्टपति हैं, जिन्होंने उलिहातू जाकर धरती आबा को नमन किया. उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि 13 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव में सभी कोई भाजपा के पक्ष में वोट देकर नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनाने मे सहयोग करें.भाजपा नेता ब्रजेंद्र हमेरोम नें अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर शिवशंकर मिश्रा, दिलीप शर्मा, तोरपा विधानसभा प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता, विष्णु सोनी, राजेन मुंडा, जिला परिषद सदस्य जोरोंग आईंद, मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह मोहन लाल पाठक,अश्विनी शर्मा,आर्य शर्मा, मनोज मिश्रा,जगरनाथ साहू, कृष्णा हेमरोम, महादेव गोप, रावण लोहरा, महावीर गोप, सीमा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## खूंटी में कांग्रेस पुनः अपना सत्ता हासिल करेगी : अरुण संगा



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर युवा न्याय यात्रा खूँटी जिला युवा कांग्रेस खूँटी लोकसभा चुनाव की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा की अध्यक्षता में की गई। जिसकी अगुवाई कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष ने की। मौके में प्रदेश प्रभारी इशिता शेडा ने कहा कि युवा कांग्रेस राहुल जी की न्याय गारंटी योजना को घर-घर लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है और करेगा। साथ ही जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि खूँटी लोक सभा जो कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है उसे इस बार जीत कर खूंटी में कांग्रेस पुनः अपना सत्ता हासिल करेगी उन्होंने यह भी कहा इस चुनावी दंगल में युवा कांग्रेस अपनी पूरा दम लगाएगी। मौके में मुख्य रूप से खूँटी लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने युवा कांग्रेस समूह का हौसला बढ़ाया। मौके में खूँटी जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, सोशल मीडिया प्रभारी गुलाम गौस, युवा कांग्रेस सदस्य जया एक्का, जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा, खूंटी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ऋतुराज, जिला महासचिव सुमन जायसवाल, जिला महासचिव रिया धान, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष एंजेला हंस, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ पाहन,संजीत,सान्ती प्रिया, अनीशा, आशा, खुशबू , मोनु आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी अरुण संगा ने दी।

## सूक्ष्म प्रेक्षकों को दिया गया निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । आसन्न लोक सभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निमित खूँटी के प्रशिक्षण कोषांग द्वारा बिरसा महाविद्यालय परिसर में कुल 54 सूक्ष्म प्रेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप ने उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कोषांग के मुख्य प्रशिक्षकों ने मतदान के सारी प्रक्रिया से अवगत कराया गया ताकि उनको सभी प्रक्रियाओं का सूक्ष्म अवलोकन करना है जिससे इन्होंने सामान्य प्रेक्षक को रिपोर्ट कर सके। इस निमित ईवीएम का संचालन आदि की जानकारी भी दी गई।

पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण उपल्ब्ध कराए गए। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम व वीवी पैट के संयोजन की विस्तार से जानकारी दी गयी। दिखावटी मतदान व वास्तविक मतदान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें उनके अधिकार व दायित्वों को विस्तार से साझा किया गया ताकि चुनाव कार्यों का उचित रूप से संचालन किया जा सके। साथ ही आदर्श आचार संहिता, व्यय निगरानी, मीडिया शिकायत, एमसीएमसी- पेड न्यूज संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

### 'मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति-

इस दौरान बताया गया कि एमसीएमसी कोषांग के अंतर्गत पेड समाचार से संबंधित गतिविधियाँ और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के लिए राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनों का प्रमाणीकरण हेतु सक्रिय है। जिनमे सभी विज्ञापनों की छानबीन, सत्यापन और प्रमाणीकरण करना व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और मामलों की जाँच करने के लिए मुद्रण और प्रसारण से पूर्व पेड समाचार को चिन्हित करना है। राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापन में पूर्व प्रमाणन का निपटान किया जाएगा और आवेदक को सूचित करने के निर्धारित समय के भीतर निर्णय के बारे में बताया जायेगा। एमसीएमसी मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों की निरंतर निगरानी करेगी। साथ ही जाँच की प्रक्रिया प्रसारण के बाद तक जारी रहेगी। साथ ही व्यय के बिंदु से मीडिया में विज्ञापनों की निगरानी भी की जाएगी।इसके साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची, ईआरओ नेट, आईटी एप्लीकेशन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और चुनाव सामग्री, डाक मतपत्र, गिनती और परिणामों की घोषणा से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय पर विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को कराएंगे उपलब्ध

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा एवं व्यय प्रेक्षक, 11-खूँटी (अ.ज.जा.) द्वारा 11-खूँटी. लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी नोडल पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था / नियंत्रण कोषांग, खूँटी/सिमडेगा/राँची/सरायकेला, पुलिस के नोडल पदाधिकारी, खूँटी/सिमडेगा/राँची/सरायकेला, आयकर के नोडल पदाधिकारी, खूँटी/सिमडेगा/ राँची/सरायकेला, नोडल पदाधिकारी, खूँटी/ सिमडेगा / राँची / सरायकेला एवं उत्पाद विभाग के नोडल पदाधिकारी, खूँटी/सिमडेगा/ रॉची/सरायकेला के साथ आवश्यक बैठक की गयी।व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था/नियंत्रण कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय किया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी आयकर के नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में सभी मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि प्रिन्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों व पेड न्यूज का विवरण मीडिया से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन संबंधित निर्वाचन व्यय कोषांग को उपलब्ध करायेंगे। इस दौरान निर्देशित किया गया कि सभी नोडल पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करेंगे। साथ ही निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करेंगे।

## शहर की नाली सफाई नहीं हुई तो होगी बरसात में दिक्कत

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । शहर के मुख्य पात्र सहित कई घनी आबादी वाले क्षेत्र में नाली की सफाई नहीं हुई तो आने वाले बरसात के दिनों में लोगों के लिए परेशानी का सबक बन सकता है। जो कि नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य पथ के किनारे बना नाली नेताजी चौक से भगतसिंह चौक तक तथा जयपालसिंह मुण्डा मार्केट से लेकर मिश्रा टोली तक नाली में लबालब कूड़ा व गंदगी भरा हुआ है। जिसके लिए नगर पंचायत को कई बार इसके लिए लोगों द्वारा आग्रह किया जा चुका है लेकिन अभी तक कहीं भी सक्रियता दिखाई नहीं दी है। जबकि एक माह पूर्व अचानक आयी बारिश का पानी भगतसिंह चौक के निकट कई दुकानों में नाली का पानी घुस गया था। जिसके समाचार भी विहान भारत में प्रकाशित हो चुका है। लेकिन बावजूद इसके किसी प्रकार का पहला अबतक सफाई कराने के मामले पर दिखाई नहीं दिया है। जिसका सफाई विगत चार वर्ष लॉकडाउन के समय तत्कालीन नगर प्रशासक आशीष कुमार की अगुवाई में किया गया था। जिन्होंने चतुर्थवर्गीय सफाईकर्मियों को आदेश मात्र केवल नहीं दिया बल्कि उन्होंने नाली साफ करने में कुदाल तक चलाया था और नाली से गंदगी तक निकाली थी। जो ऐसे प्रेरणादायक कृत्य की चर्चा जोरों पर थी। लेकिन वैसा तो क्या उसके बाद से वैसा सफाई अबतक नहीं हुआ। जिसके कारण नाली कीचड़ से लबालब भरा हुआ है। ऐसा लगता है जिसकी नगर पंचायत को कितना फिक्र है वह नाली स्वयं बतला रहा है। लेकिन हाँ , कॉमर्शियल प्रतिष्ठानों से स्वच्छता शुल्क लेने में कभी कमी नहीं आनी चाहिए।

## बिरसा महाविद्यालय में डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**खूँटी** । झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में बिरसा महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बिरसा कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल 1970 को पहली बार आयोजित किया गया था। यह विश्व स्तर पर समन्वित कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है , जिसमें 193 से अधिक देशों के 1 बिलियन लोग शामिल हैं। 2024 का आधिकारिक विषय ₹ग्रह बनाम प्लास्टिक₹ है। समुदाय पृथ्वी दिवस सप्ताह की गतिविधियों में लगे हुए हैं , गतिविधियों का एक पूरा सप्ताह दुनिया के सामने आने वाले पर्यावरणीय मुद्दों पर केंद्रित है। पृथ्वी दिवस पर दुनिया भर में 100 मिलियन से अधिक लोगों ने 50वीं वर्षगांठ मनाई, जिसे इतिहास में सबसे बड़ा ऑनलाइन जन जुटाव कहा जा रहा है। इस कार्यक्रम में डीएलएसए सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर, पैनल अधिवक्ता श्री मदन मोहन राम, डीएलएसए के पीएलवी अंजू कच्छप, कुशल मुंडा, कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती जिर्मनी कीड़ों, स्टडी स्मृति संस्था की मेंबर, एवं दिशा कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के द्वारा दी गई।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ने का परिदृश्य

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियार्तों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ? से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ? से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक




देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुट्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुट्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ? के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण नियार्तों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

## संपादकीय

# कम मतदान पर चिंता

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं। गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें। कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है। यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है। इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तईं कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

# विश्व पुस्तक दिवस पर एक परिचय

बिभा संवाददाता

रांची : नरेश अग्रवाल व्यवसायी होने के बावजूद पुस्तकों के साथ अत्यधिक आत्मीयता से जुड़े हुए हैं । उनके निजी पुस्तकालय में 5000 के आसपास पुस्तकें हैं, जिनमें नब्बे फीसदी साहित्य पर आधारित हैं , शेष राजस्थानी एवं दूसरी विधाओं पर हैं।

इन पुस्तकों में अनेक दुर्लभ पुस्तकें भी शामिल है जो विदेशी भाषा में हैं या उनके अनुवाद के रूप में । अनेक बड़े साहित्यकारों के रचना समग्र भी इनके संकलन में हैं। जैसे- निराला, रघुवीर सहाय, मुक्तिबोध, नागार्जुन, अज्ञेय, मंगलेश डबराल, विष्णु खरे, नामवर सिंह,अरुण कमल, लीलाधर जगूड़ी, विनोद कुमार शुक्ला, रामचंद्र शुक्ल आदि। लगभग सारे प्रसिद्ध उपन्यासों के अलावा नई-पुरानी पीढ़ी के सभी कवियों के काव्य संकलन उपलब्ध हैं। सोवियत लेखन का सारा उपलब्ध साहित्य तो है ही, तुलसीदास एवं कालिदास की भी रचनावली है ।

शायद ही ऐसा कोई महत्वपूर्ण लेखक होगा जिनकी पुस्तक इनके संग्रह में नहीं होगी। महत्वपूर्ण आलोचना की पुस्तकों के अलावा, हाल में प्रकाशित 10 खंडों में रूस के महान लेखक चेखव की




कहानियों की पुस्तकें भी इनके संग्रह में शामिल है। विदेशी पुस्तकों में यूरोप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकन, अरेबियन साहित्य, चीनी एवं जापानी लेखकों की मूल या अनुवादित पुस्तकें इनके पास हैं। नरेश जी की अपनी प्रकाशित पुस्तकों की संख्या 23 है और शीघ्र ही दो और पुस्तकें प्रकाशित होने वाली हैं। वे तीन त्रैमासिक पत्रिकाओं का संपादन भी कर रहे हैं। 1. अभिपुष्प 2. वनप्रिया ?3. मरुधर के स्वर। कुछ समाचार पत्रों के साहित्य विभाग से भी जुड़े हैं।

रचना समय के नाम से एक साहित्यिक वेबसाइट भी है जिनमें उनके साथ हिंदी के प्रतिष्ठित कहानीकार हरि भटनागर जी हैं । नरेश जी राज्य के अच्छे रचनाकारों को यथासंभव पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित करने में मदद करते हैं अपनी पत्रिकाओं में भी स्थान देते हैं।

इस तरह साहित्य में उनका योगदान अमूल्य व अतुलनीय है।

# हृदय की प्रौद्योगिकी से सहज जीवन

**डॉ मयंक मुरारी**

हेलन केलर ने कहा है कि संसार की सबसे अच्छी और सबसे सुंदर चीजें देखी नहीं जा सकतीं, उसका छुआ भी नहीं जा सकता- उन्हें हृदय से महसूस करना होता है। एक हृदय सदैव ही दिमाग से बेहतर निर्णय करता है। जब हम हृदय की प्रौद्योगिकी की बात करते हैं, तब उनके व्यवहारिक जीवन में उपयोग की बात करते हैं। सबसे पहले हमारा हृदय की धड़कन ही हमारे जीवन की शुरूआत है। इसकी ऊर्जा हमको स्वस्थ रखता है। हमारी जीवन को निर्धारित करनेवाली कोशिकाओं को प्राणवायु और स्वभाव का गुण इसकी धड़कन से ही प्राप्त होती है। इसके माध्यम से ईश्वर हमसे संवाद करते हैं, अतएव दिमाग से यह श्रेयस्कर होता है। यह सदैव हमारी बुनियादी आयाम और हमारे स्वभाविक प्रकृति की ओर ले जाता है। केवल हृदय ही हमको इस जगत में हमारे यथार्थ स्वरूप का दर्शन कराता है और वह हमारे उद्देश्य की ओर अग्रसर होने का प्रेरित करता है।

यह संसार कर्म और अनुभव से चलता है। बुद्धि का संबंध विचरण के जगत से है। बुद्धि विचरण करता है। अपने विचारों से बात को प्रमाणित करता है। यह मन से अलग है। मन गतिमान रहता है तो बुद्धि का काम ठहराव का है। वह सिद्ध करता है। निर्णय देता है। लेकिन हृदय की अनूठी दुनिया है। यह दुनिया उस परमसत्ता के जगत से तादात्म्य है। एक गर्भनाल संबंध है। हृदय अपने अनुभव में उस परमजगत से जुड़ता है। हृदय के संसार में न गति है और न ही विचार है। इंद्रिय गुण का तो कोई नाता भी नहीं है। वह बस होना है। उस परम के साथ एकात्म और जीवन के साथ तादात्म्यता का संबंध। इसलिए हृदय से प्रेम फुटता है। करुणा का वास होता है। एक आलोक निःसृत होता है, जो हमारे जीवन को प्रकाश से आलोकित करता है। यह केंद्रीय भाग है, जिससे सभी अंग, सभी विचार और निर्णय अंतत- संचालित होते हैं। इसलिए केवल हृदय को ही पता होता है, कब खुश होना है और किस कार्य से सुख मिलेगा।

हमारा शरीर पूरा जगत है। इस शरीर में एक संसार है। इस संसार की व्यवस्था सूक्ष्म और जटिल है लेकिन इसकी क्रिया काफी सरल है। हमारी इंद्रिया, हमारी कोशिकाएं और हमारी तंत्रिकाओं की संरचना में यह शरीर ब्रह्मांड का एक लघु रूप है। हमारा हृदय इस सौरमंडल का सूर्य है। हमारे अंग इसके ग्रह और नक्षत्र है। हमारा शरीर पृथ्वी के सदृश्य है। हमारे भीतर वैसा ही अनंत आकाश है, जैसा बाहर पृथ्वी पर दिखता है। पृथ्वी पर बहती नदियां हमारे शरीर में बहती रक्त की शिराएं एवं धमनियां हैं। यह सह अस्तित्व का दर्शन है हमारे और प्रकृति के बीच। हमारा मस्तिष्क एक अबूझ ब्रह्मांड है, जिसके बारे में हरेक जानकारी इसके विराटता के समक्ष गौण सिद्ध होती है। इस विराट में जो कुछ है, वह सब कुछ हमारे शरीर में है। उनके क्षेत्रपाल, ऋषि, मुनि, ग्रह-नक्षत्र, तीर्थ, पीठ एवं उनके देवता निवास करते हैं। जाबाल दर्शनोपनिषद 4/48 में कहा गया है कि मानव काया में सात तीर्थ हैं। मस्तक में श्रीशैल, ललाट में केदार, नासिका और भौंहों के बीच काशी, छाती में कुरुक्षेत्र, हृदय में प्रयाग, मूलाधार में कमलालय तीर्थ विद्यमान है। आत्मवेत्ता ऋषियों ने मानव काया में तीन परतों यानी स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरों में एक अद्भुत चेतन तत्त्व को खोज निकाला। लोक-लोकांतरों में व्याप्त देव शक्तियों के साथ एकाकार होने के लिए अपने अंदर की दिव्यता को जोड़ना होता है। इसके लिए आंतरिक शक्ति का जागरण करना होता है। हृदय इस जागरण की आधारभूमि बनाता है। हमारी शक्ति क्या है ? यह हमारा हृदय है। हमारी आत्मा का केंद्र, हमारी दिमाग का आधार, हमारे शरीर की प्राणवायु का स्त्रोत, हमारी चेतना की प्रेरणा और हमारे जीवन की बुनियाद यह हृदय है। जब हम शरीर तक सीमित है, तबतक हम हृदय की शक्ति को नहीं समझ सकते है। इसलिए ह्लआत्मजागरणह्ल का महत्व है। जब हम दिमाग की अनुभूतियों से हृदय के ज्ञान की ओर अग्रसर होते हैं, तो हम आध्यात्म की दुनिया में प्रवेश कर जाते है। हृदय के संसार में प्राण है, ऊर्जा है, सौंदर्य है। वही मस्तिष्क में कोई सार नहीं मिलता है। मस्तिष्क के माध्यम से संसार को देखते है, तो हजारों-लाखों विचार का आक्रमण हमपर हो जाता है। इन विचार, इन विषय और इन ज्ञान का अधिकतर या तो अनुपयोगी होता है, या वह नकारात्मक होता है। जब हम हृदय पर अपना ध्यान करते है, तो जीवन में उपयोगिता दिखने लगती है। यह जगत अलग प्रतीत होता है। विलियम शेक्सपियर अपने प्रसिद्ध नाटक ह्लहैमलेटह्ल में कहता है कि कोई भी चीज अच्छी या बुरी नहीं होती, बल्कि हमारी सोच ही उसे वैसा बना देती है। भारतीय ऋषियों ने कहा है कि जैसे दृष्टि वैसी सृष्टि लगती है। हमारा शरीर बताता है कि यह अच्छा है या खराब। लेकिन इसका निर्धारण हमारा हृदय करता है।

जीवन में हरेक चीज जुड़ी है। इसका अंतर्बोध हृदय के समीप होता है। जीवन में आने के रास्ते अनेक हैं, तो आगे बढ़न के भी राहें अलग होती है। लेकिन हम सरल राह को अपनाते हैं। हम अपने हृदय से अंतर्बोध नहीं करते हैं। एक बार जैसे ही हम हृदय से जुड़ जाते हैं, तो वह निर्देशित करता है। यह सदैव हमारी रक्षा करता है और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। हृदय के साथ रहने पर शांति मिलती है। यही कारण है कि आजकल योगनिंद्रा, शवासन एवं कई ऐसे ध्यान की विधियां करायी जाती है, जिसमें हम अपने हृदय के समीप रहे। हृदय के समीप रहने का तात्पर्य है कि हम अस्तित्व के साथ है। हमारे और जगत के बीच कोई दूरियां नहीं हैं, कोई दुराव नहीं है। हृदय के साथ होना जीवन की जकड़न को छोड़ना है और अपने रोजमर्रा की दुनिया को गहरा अर्थ देना है। दिमाग के साथ चलने पर सरदर्द होता है और दिल के साथ नया उत्साह का संचार होता है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मनुष्य के रूप में हमारी महानता संसार के पुनर्निमाण में सक्षम होने में उतना नहीं है, जितना की खुद के पुनर्निर्माण में सक्षम होने में हैं।

अपना निर्माण हृदय के साथ करना सहज है। इससे जीवन का द्वैत दूर होता है और हम ज्यादा प्रेम, आनंद, शांति, दया, करुणा, सदभाव के बारे में विचार करते हैं। जीवन की यात्रा में धन, ऐश्वर्य, स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा की सीमा का निर्धारण नहीं होने के कारण हमारा क्रिया पवित्र नहीं होती है, हमारा पाथेय मलिन हो जाता है। हृदय ऐसे क्षणों में अवरोधक का काम करता है। हृदय सदैव बताता है कि हम जो कर्म करते हैं, वह संग्रहित होता जाता है। हरेक कर्म का एक निश्चित एवं क्रिया के अनुरुप परिणाम होता है। खुशी पैसा से मिले यह जरूरी नहीं है लेकिन बिना पैसा आनंद में हम रह सकते हैं। हमको वर्तमान में रहना यह हृदय ही सीखता है। वर्तमान की प्रचुरता और परिपूर्णता भविष्य के सौंदर्य और सुख से कहीं बेहतर होता है। हृदय के साथ हम जगत के साथ जितना स्वाभाविक रूप से जुड़ते जाते हैं उतना ही हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। स्वस्थ जीवन सदैव स्वयं में स्थिर रहना है। स्वयं में स्थिर रहने के लिए हमें हृदय के साथ रहने के लिए सजग होना होगा।

# संकटमोचन हनुमान के हृदय में बसते है राम!



डॉ श्रीगोपाल नारसन



भगवान राम के परमभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान की पूजा करने से हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं,ऐसी मान्यता है। अपने भक्तों को हनुमान हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान की स्तुति यूं तो हरदिन की जाती है,लेकिन हनुमान जयंती पर इसका विशेष महत्व है। इसी दिन हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमानजी के नाम का व्रत करके बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3:25 बजे से हनुमान जयंती शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5:18 बजे पर समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जा रही है। सुबह 3:25 बजे से लेकर 5:18 बजे के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी जीवित हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए। भगवान राम के भक्त हनुमान जी की रामभक्ति अनुकरणीय रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के दशवे अध्याय में कहा है कि रूद्रो में शंकर मैं ही हूं। अर्थात मैं ही हनुमान भी हूं जो सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है।

कहते है, हनुमान ने सुरसा की बात मान ली थी और उसका भोजन बनना स्वीकार कर लिया था, सुरसा ने ज्यों ही मुंह खोला, पवन पुत्र ने अपना आकार विशाल कर लिया। यह देख सुरसा ने भी अपना आकार बड़ा कर लिया। जब हनुमान ने देखा कि सुरसा ने अपनी सीमा लांघ कर मुंह का आकार और भी बड़ा कर लिया तो वे तत्काल अपने विशाल रूप को समेटते हुये उसके मुंह के अंदर गये और बाहर वापस आ गये। हनुमान के बुद्धि कौशल से प्रसन्न होकर सुरसा ने उन्हें आर्शीर्वाद देते हुये कहा पुत्र, तुम अपने कार्य में सफल हो। हनुमान ने अपने शरीर को पहले विशालकाय और फिर एक छोटे रूप से महिमा तथा लधिमा सिद्वि के बल पर किया था। हनुमान रूद्र के ग्यारहवें अवतार माने जाते है। संकटमोचक हनुमान अष्ट सिद्वि और नव निधि के दाता भी है। हनुमान अणिमा, लधिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, महिमा, इशित्व और वशित्व इन सभी आठ प्रकार की सिद्वियों के स्वामी है।आध्यात्मिक चिंतक डॉ मुरलीधर की माने तो, राम जब लक्ष्मण के साथ सीता जी को वन-वन खोज रहे थे तब वहां ब्राह्मण वेश में हनुमानजी अपनी सरलता, वाणी और ज्ञान से रामजी को प्रभावित कर लेते है। वह वंशीकरण वशित्व सिद्वि है। माता सीता को खोजने के क्रम में जब पवन पुत्र सागर को पार करने के लिए विराट रूप धारण करते है तो उनका यह कार्य महिमा सिद्वि का रूप धारण कर लेता है। इसी प्रकार जब हनुमान सागर पार कर लंका में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़े तो अति सूक्ष्म रूप धर कर अणिमा सिद्वि को साकार किया। माता सीता को खोजते खोजते जब बजरंग बली अशोक वाटिका में पहुंचे तो उनके लघु रूप बनने में लधिमा सिद्वि काम आयी। इसी प्रकार पवन सुत की गरिमा सिद्वि के दर्शन करने के लिए महाभारत काल में जाना होगा, जब हनुमान महाबली भीम के बल के अंधकार को तोड़ने के लिए बूढ़े बानर का रूप धारण उनके मार्ग में लेट गये थे और भीम उनकी पूंछ को हिला भी नही पायें। इसी प्रकार बाल हनुमान के मन में उगते हुये सूर्य को पाने की अभिलाषा जागी तो उन्होंने उसे पकड़ कर मुंह में रख लिया तो अभिलाषा सिद्वि के दर्शन हुये। प्राकाम्य सिद्वि को समझने के लिए पवन पुत्र की राम के प्रति भक्ति को समझना होगा। रामभक्त हनुमान ने राम की भक्ति के अलावा और कुछ नही चाहा और वह उन्हें मिल गयी। इसलिए कहा जाता है कि हनुमान की कृपा पाए बिना राम की कृपा नही मिलती। पवन पुत्र की राम के प्रति अनन्य भक्ति का ही परिणाम था कि उन्हें प्रभुत्व और अधिकार की प्राप्ति स्वतः ही हो गयी इसे ही इंशित्व सिद्वि कहते है। इसी प्रकार नव रत्नों को ही नौ निधि कहा जाता है। ये है-पद्म महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्ब। सांसारिक जगत के लिए ये निधियां भले ही बहुत महत्व रखती हों, लेकिन भक्त हनुमान के लिए तो केवल राम नाम की मणि ही सबसे ज्यादा मूल्यवान है। रावध वध के पश्चात एक दिन श्रीराम सीताजी के साथ दरबार में बैठे थे। उन्होंने सभी को कुछ न कुछ उपहार दिय। श्रीराम ने हनुमान को भी उपहारस्वरूप मूल्यवान मोतियों की माला भेंट की। पवन पुत्र उस माला से मोती निकाल निकालकर दांतों से तोड़ तोड़कर देखने लगे। हनुमान के इस कार्य को देखकर भगवान राम ने हनुमान से पूछा, हे पवन पुत्र आप इन मोतियों में क्या ढूंढ रहे हो? पवन पुत्र ने कहा, प्रभु में आपको और माता को इन मोतियों में ढूंढ रहा हूं। लेकिन इसमें आप कही नही दिखाई दे रहे है और जिस वस्तु में आप नही, वह मेरे लिए व्यर्थ है। यह देख एक दरबारी ने उसने कहा पवन पुत्र क्या आपको लगता है कि आपके शरीर में भी भगवान है? अगर ऐसा है तो हमें दिखाइए। नही तो आपका यह शरीर भी व्यर्थ है। यह सुनकर हनुमान ने भरी सभा में अपना सीना चीरकर दिखा दिया। पूरी सभा यह देखकर हैरान थी कि भगवान राम माता जानकी के साथ हनुमान के हृदय में विराजमान है।तभी तो हनुमानजी को राम का परमभक्त होने का सम्मान मिला और वे चिरंजीवी कहलाये।

# कैसे बनाएं अपने आपको क्रिएटिव...



हम सभी एक जुदा अंदाज में जीना चाहते हैं, लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं। मगर कैसे?

लाइफ को क्रिएटिव बनाने की इस इच्छा को पूरी करना चाहते हैं तो इसके लिए प्रयास भी आप ही को करना होगा। यह प्रयास कुछ अलग किस्म के होंगे, जैसे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर कुछ नया करने की कोशिश करें।



आपकी तरह सोचने वाले लोगों से मिले-जुलें और अपने आइडियाज शेयर करें। इन चीजों से धीरे-धीरे लाइफ में बदलाव आने लगेंगे।

## सीखें कुछ नया

लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले यह बात समझ लें कि सीखने की कोई सीमा तय नहीं होती है। नई-नई चीजें सीखें। कुछ नया सोचें या फिर पुरानी चीजों को नए तरीकों से करने के बारे में सोचें। कुछ नया सोचने के लिए इमेजिनेशन होना जरूरी है। हर वक्त नया सोचने के प्रयास से इमेजिनेशन पावर बढ़ती है, जो क्रिएटिविटी के लिए बहुत जरूरी है।

नई चीजें सीखते हुए अकसर असफलता का डर होता है। इस डर को मन से निकाल दें। याद रखें, क्रिएटिव लोगों में यही खास बात होती है कि वो कभी भी असफलताओं से डरते नहीं हैं। कुछ नया सीखने का जज्बा इस डर से बड़ा होता है।

अब आपको कोई चीज क्यों रोके? तो फिर अब हर हफ्ते कम से कम एक नई चीज सीखने की कोशिश करें। छोटी-छोटी चीजों से शुरू करें जैसे कि कोई नई डिश बनाएं या फिर अपने कमरे को किसी नए तरीके से सजाएं।

## क्रिएटिव लोगों से जुड़ें

क्रिएटिव लोगों से मिलते-जुलते रहें, मिलने का समय न हो तो किसी भी अन्य तरीके से जुड़ें। इससे आपको प्रेरणा मिलेगी। इस तरह लोगों से जुड़ने पर आप अपने आइडियाज बेझिझक शेयर कर सकते हैं और नई बातें भी जान सकेंगे।

क्रिएटिव लोगों से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपने शौक के अनुरूप कोई क्लब या ग्रुप जॉइन कर लें। इसके अलावा सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स पर आप अपना खुद का ग्रुप बनाकर लोगों को इनवाइट कर सकते हैं, डिसकशन्स कर सकते हैं।

इस तरह के ग्रुप्स एक बढ़िया सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करते हैं। साथ ही आपकी लाइफ को क्रिएटिव बनाने में सहायक भी होते हैं।



# सिर्फ 15 दिनों में चेहरा खूबसूरत बनाएं जानिए कैसे



हम अपना चेहरा चमकाने के लिए ब्यूटी पार्लर के मोहताज होते हैं या फिर कुछ घरेलू उपचार का सहारा लेते हैं। यहां तक कि आधुनिक तकनीक से बोटोक्स की भी शरण में चले जाते हैं। यहां पेश है कुछ ऐसे उपाय जिसके लिए ना महंगी दवाई की जरूरत है ना ही फेसपैक और पार्लर के नखरों की।

प्रस्तुत है चेहरे के कुछ ऐसे व्यायाम जिन्हें आप आसानी से कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं और बढ़ा सकते हैं अपने चेहरे की रौनक। इन्हें हम फेशियल योगा का नाम दे सकते हैं। प्रत्येक फेशियल योगा 8-10 से 20 बार प्रतिदिन 5 से 7 मिनट तक करें। इससे आपको 15 दिन में ही फर्क नजर आने लगेगा।

फेशियल योगा स्टेप्स

1 गर्दन सीधी रखकर आईब्रो ऊपर-नीचे करें।
2 भौहें सिकोड़ें, माथे पर आड़े व खड़े सल डालें।
3 गर्दन सीधी रखें व ऊपर-नीचे देखें।
4 आंखों को दोनों दिशा में गोल घुमाएं।
5 आंखों पर हथेली रगड़कर कुछ देर रखें।
6 सुबह व रात आंखों को ठंडे पानी से धोएं।
7 नथुने फुलाएं व ढीला छोड़ दें।
8 पूरा मुंह खोलें व बंद करें।
9 जबड़ा दाएं-बाएं हिलाएं।
10 होठों को सिकोडें व फैलाएं।
11 दांत दिखाएं व बंद करें।
12 मुंह से फुग्गा फुलाएं।
13 दांत पर दांत रखकर जमकर दबाएं।
14 गर्दन की चमड़ी को खीचें, जबड़ा टाइट करें।
15 दस तक गिनते हुए गर्दन को पीछे ले जाएं।
16 मुंह में पानी भरकर हिलाएं।
17 सोने के पहले प्रतिदिन चेहरे को साफ करें। यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो डीप क्लीजिंग मिल्क से साफ करें।

व्यायाम के अतिरिक्त संतुलित खान-पान आपकी त्वचा में असली चमक लाता है। अत: भोजन में दूध, दही, सलाद, फल, हरी सब्जियां अवश्य लें। पर्याप्त पानी पिएं, सूर्य की तेज किरणों से बचें व धूप का चश्मा लगाएं।

## छह चीजों से चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढिया सेहत से भी नवाजेंगी।

विटामिन ए से भरपूर चीजें

क्या लें- गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

फायदा - इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

सूखे मेवे

फायदा- इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

विटामिन सी वाली चीजें

फायदा- नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

अलसी के बीज

फायदा- खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

विटाामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं- चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।





# अपने बच्चे को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन दीजिए

भले ही आज स्मार्ट फोन और टैबलेट की जनरेशन (पीढ़ी) अपने ज्ञान की क्षमताओं में एक कदम आगे है फिर भी यह जरूरी है कि आप अपने बच्चे को शुरुआती सालों से ही पढ़ने के लिए प्रोत्साहित और तैयार करें। माता-पिता की बहुत-सी जिम्मेदारियां होती हैं जिसमें से एक है कि वे अपने बच्चे की पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ाएं। कैसे आप पढ़ने में उनकी रुचि बढ़ा सकते हैं :-

उनकी पसंदीदा किताब लें - अगर आपके बच्चे का कोई पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर है तो उसे टीवी देखने देने की बजाय किताब गिफ्ट करें। किताबों की दुकानें बहुत से कार्टून किताबों से भरी हैं। ये समान रूप से आकर्षक हों, नए के साथ पिक्टोरियल हों तो ध्यान जोड़े रखती हैं।

उनके लिए पढ़ें - अगर आप अपने बच्चों के लिए फैरी टेल या कार्टून की किताबें लाई हैं तो आप उन्हें अपने बच्चों के लिए पढ़ें। हो सकता है शुरुआत में बच्चे रुचि न लें तो आप उसे खुद पढ़ना शुरू करें। इससे आपके बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी कि किताब में ऐसा क्या है, जो आप इसे पढ़ रहे हैं और उसे प्रोत्साहित भी करेगा। इसके बाद आप बच्चों को इस प्रक्रिया में शामिल कर सकते हैं।

किताबों से सुनाएं - कहानियों को रोमांचक तरह से सुनाएं। जरूरी नहीं है कि कहानी जैसी लिखी है आपको वैसे ही सुनानी है। आप उसमें कुछ अपने बचपन की दिलचस्प बातें जोड़ सकती हैं या फिर कहानियों के किरदार की तुलना अपने बच्चों से कर सकती हैं। यह बच्चों को जोड़े रखता है।

पूरी प्रक्रिया का आनंद लें। यह न सोचें कि यह थकाऊ प्रक्रिया है। इससे आपका बच्चा रुचि खो सकता है। हमेशा चार्ज अप लगें।

# तपती गर्मी में पाएं खिली-खिली ताजगी



गर्मी में अगर आप अगर बहुत थकान महसूस कर रहे हैं तो पानी के छींटों से आप फ्रेश महसूस करेंगे। सादा पानी भी आपकी त्वचा को तरोताजा रखता है। वह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र की तरह काम करता है। खीरे के जूस को आप चेहरे पर लगाएं तो इससे चेहरे पर ठंडक महसूस होगी तथा सनबर्न (धूप की जलन) की समस्या से बचे रहेंगे।

* ऑफिस से जब आप लौट कर आते हैं तब आप अपने पैर, हाथ, हल्के गुनगुने पानी में डाल कर रखें जिससे आपकी सारी थकान कम हो जाएगी। अगर आप चाहें तो इस पानी में थोड़ा सा नमक भी डाल सकते हैं। इससे पैर कोमल हो जाते हैं। आप सोफ्टनर से पैरो के तलवे को साफ कर सकते हैं। 10 से 15 मिनट तक अपने पैर को पानी में डालकर रखें इससे शरीर का रक्तसंचार भी बढ़ेगा।

* एक बोतल में आप थोड़ा सा कोलोन या परफ्यूम की थोड़ी सी बूंदों को लेकर अधिक मात्रा पानी के साथ उसे मिला दें, स्प्रे बोतल की तरह इसे इस्तेमाल कर आप रिफ्रेश हो सकते हैं।

* त्वचा के मुंहासों के लिए चन्दन तथा गुलाब के जल से पेस्ट बनाकर अपने चेहरे पर लगाएं। इस समस्या से आपको राहत मिल सकती हैं। रात भर इसे रखें तथा दूसरे दिन इसे धो लें।

* चेहरा केवल ऊपर से साफ नहीं होता हैं बल्कि इसे भीतर से भी साफ करना चाहिए। इसके लिए आप नींबू का रस तथा चीनी को मिलाकर अपने चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें। इससे आपकी त्वचा भीतर से साफ हो जाएगी तथा चेहरे के झुलसे हुए दाग में भी आराम पड़ेगा।

* केले को लेकर आप इसे दूध के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं तो आपका चेहरा कोमल होगा और इस पर निखार आ जाएगा।

* हल्दी के साथ दूध को मिलाकर लगाएं तो आपकी झुलसी हुई त्वचा की समस्या हल होगी तथा फेशियल बाल कम हो सकते हैं।



# मां बनने के एक साल के अंदर घटाएं वजन



मां बनने के एक साल के अन्दर महिलाओं ने अगर अपने वजन पर नियंत्रण नहीं किया तो उन्हें हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां घेर सकती हैं।

ब्रिटिश दैनिक में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि कनाडा में टोरंटो के माउंट सिनाई अस्पताल के मधुमेह केंद्र ने अपने नए शोध में यह बताया है कि महिला के लिए मां बनने के बाद के पहले तीन महीने सुरक्षित होते हैं क्योंकि इस दौरान उनके शरीर में उतने बदलाव नहीं होते इसलिए हृदयरोग, मधुमेह या उच्च रक्तचाप का खतरा इस दौरान उतना अधिक नहीं रहता है।

शोध पत्रिका डायबिटीज केयर में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक तीन महीने के बाद पूरे साल तक मां के शरीर में तरह-तरह के बदलाव होते हैं। इस दौरान उनके शरीर में उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्राल और इंसुलिन की सक्रियता काफी बढ़ जाती है और उनके हृदय संबंधी रोग से ग्रसित होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

शोध के दौरान 300 गर्भवती महिलाओं पर पूरे नौ महीने और बच्चे के जन्म के एक साल बाद तक निगरानी की गई और उनकी नियमित जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अगर बच्चे को जन्म देने के एक साल के अंदर मां ने अपने वजन को कम नहीं किया तो उसके मधुमेह से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने पाया कि बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर तीन चौथाई मांओं ने अपने वजन पर काबू पा लिया और उनका कोलेस्ट्राल तथा रक्तचाप का स्तर सामान्य रहा, लेकिन जिन एक तिहाई महिलाओं का वजन इन दौरान बढ़ गया उनके मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ित होने की संभावना भी काफी बढ़ गई। शोधकर्ता डॉक्टर रवि रत्नाकरन ने कहा कि इस शोध के कारण अब महिलाओं को बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर वजन घटाने की सलाह दी जाती है।

## भारत में दिनों दिन बढ़ रहा है पानी का संकट

### – 2050 तक स्थिति होगी विकराल

नई दिल्ली। भारत की आबादी दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा है। भारत का जल संकट भी बहुत भयावह होने जा रहा है। डीसीएम श्री राम और सत्य नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है। 2050 तक भारत में प्रति व्यक्ति जल की मांग में 30 फ़ीसदी की वृद्धि होगी। बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के कारण पेयजल के भयंकर संकट का सामना भारत को करना पड़ेगा। 2050 तक भारत में दुनिया की 17 फ़ीसदी आबादी होगी। रिसर्च में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले इंडेक्स के अनुसार प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाके जल संकट से बुरी तरह प्रभावित होंगे। भारत की 76 फ़ीसदी आबादी के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में 2025 से लेकर 2050 तक भारत का जल संकट बढ़ता जायेगा। भारत के 50 फ़ीसदी जिलों में पानी का भयावह संकट होने की चेतावनी रिसर्च रिपोर्ट में दी गई है।

## तिरुपति मंदिर की संपत्ति दुनिया के धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा

### – 13287 करोड़ की एफडी, 11 टन सोना

हैदराबाद। दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1161 करोड रुपए की एफडी कराई है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13287 करोड रुपए की हो गई है। इसके अलावा मंदिर के अन्य ट्रस्ट के माध्यम से 5529 करोड रुपए एफडी में जमा किए हुए हैं। सभी बैंकों और सभी ट्रस्टों की नगदी 18817 करोड रुपए हो गई है। दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा धनी ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम है। हर साल जमा रकम के ब्याज से 1600 करोड रुपए की आय इस ट्रस्ट को होती है। हाल ही में ट्रस्ट ने बैंक में 1031 किलो सोना जमा किया है। ट्रस्ट के पास 11329 किलोग्राम सोना हो गया है। हर साल तिरुपति ट्रस्ट की एफडी और सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है। कोरोना के समय में दान में कम नगदी प्राप्त हुई थी। 2013 से लेकर 2024 तक ट्रस्ट में दान की राशि में वृद्धि होती रही है। 2012 में ट्रस्ट की एफडी 4820 करोड रुपए की थी। जो 2024 में बढ़कर 13287 करोड रुपए की हो गई है।

## गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट (कचरा एकत्र करने की जगह) पर आग लगने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (माहौल को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैसों के कारण 'लैंडफिल' में भीषण आग लग गई। लैंडफिल के निकट रहने वाले शख्स ने कहा, आग लगने के बाद से 15 घंटे बीत चुके हैं। यह धुआं आम नहीं बल्कि बेहद जहरीला धुआं है। जलन की वजह से हम अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे हैं और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और केंद्र शासित प्रदेश सरकार पर जनता को बेहतर जीवन दे पाने में विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने कहा, जैसे ही मुझे पता चला, मैंने अधिकारियों को कार्रवाई करने और लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वे पूरी रात यहां थे। अब स्थिति बेहतर है। हालात बेहतर हैं। अगले पांच घंटों में धुएं पर काबू पा लिया जाएगा। भाजपा सिर्फ आरोप लगा रही है। यह राजीनित करने का वक्त नहीं है।

## पंजाब में भाजपा प्रत्याशियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा

चंडीगढ़। बटाला में किसानों ने गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश बब्बू और बरनाला में पार्टी नेता अरविंद खन्ना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब की विभिन्न संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवारों और नेताओं को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फरीदकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस, अमृतसर से तरनजीत सिंह संधू और पटियाला से परनीत कौर को भी किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उस स्थान की ओर जाने से रोकने की भी कोशिश की, जहां बब्बू और भाजपा समर्थक चुनाव प्रचार संबंधी कार्यक्रम कर रहे थे। फतेहगढ़ चूड़ियां में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे भाजपा नेताओं का विरोध करना जारी रखने वाले हैं। विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देकर भाजपा उम्मीदवार बब्बू ने कहा कि केवल उनकी पार्टी किसानों के मुद्दों को हल कर सकती है, जबकि अन्य राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका ''इस्तेमाल करने वाले हैं। बब्बू ने कहा, ''हम किसानों के साथ हैं और मैं भी एक किसान हूं। उनके मुद्दों को बातचीत के जरिए हल किया जा सकता है।'' एक अन्य घटना में, भाजपा नेता खन्ना को बरनाला में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा, जहां वह प्रचार करने गए थे।

## सलमान के घर फायरिंग.....आरोपियों ने बंदूक सूरत की तापी नदी में फेंकी, मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग से हड़कंप मचा था। घटना में शामिल दोनों हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामले की जांच तेजी से जारी है। इस बीच फायरिंग केस में नया अपडेट सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद बंदूक सूरत की नदी में फेंकी थी। उस बंदूक की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची है। आरोपियों ने पुलिस से तापी नदी में बंदूक फेंकने की बात कही है। इस केस में मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल को मुख्य आरोपी बनाया है। अनमोल को वांटेड सूची में शामिल किया है। जांच पड़ताल के दौरान बिश्नोई भाइयों के खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं। सूत्र बताते हैं क्राइम ब्रांच अनमोल बिश्नोई (जो कि अमेरिका में रहता है) के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर सकती है। दूसरी ओर जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई की कस्टडी के लिए कोर्ट में आवेदन देगी। गिरफ्तार हुए आरोपी विक्की गुप्ता (24 साल) और सागर पाल (21 साल) ने सलमान के घर पर फायरिंग करने से पहले बिहार के चंपारण में हथियार चलाने की प्रैक्टिस की थी। दोनों को 13 अप्रैल की रात बंदूकें सप्लाई की गई थीं। अनमोल दोनों आरोपियों के साथ इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क में था। उन्हें सलमान के घर फायरिंग के लिए पहले ही 1 लाख रुपये दिए जा चुके थे। सलमान ने फायरिंग की घटना के बाद बड़ा फैसला लिया। वे काम पर लौट आए हैं। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स की किसी भी डेट को आगे खिसकाने से मना किया है।

## रैली में भिड़े राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता... भाजपा नेता ने दिया नया नाम झगड़ालू गठबंधन

पटना। बिहार बीजेपी नेता और पटना साहिब से चुनाव लड़ रहे रविशंकर प्रसाद ने कहा कि रांची में इंडिया ब्लॉक की रैली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। भाजपा नेता ने दावा किया कि दोनों दलों के लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। इस घटना के बाद उन्होंने गठबंधन का नया नामकरण किया। रविशंकर प्रसाद ने इंडिया ब्लॉक को झगड़ालू गठबंधन बताया। प्रसाद ने कहा कि गठबंधन व्यक्तिगत लाभ के लिए बनाया गया है और इसके घटकों के बीच कोई एकता नहीं है। उन्होंने कहा कि रांची की रैली में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर कुर्सियों से हमला किया... हम पहले से ही कह रहे थे कि यह व्यक्तिगत लाभ का गठबंधन है। झड़प हो रही हैं, और लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने नसीहत के अंदाज में कहा कि भ्रष्टाचार के कारण लोगों को जेल भेजा जा रहा है... देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर सरकार चाहता है। इस बीच, बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि रैली भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए बुलाई गई थी। पूनावाला ने कहा कि भारतीय गठबंधन संविधान बचाने के लिए रांची में एकत्र हुआ था, लेकिन यह भ्रष्टाचार बचाने के लिए रैली थी। भारतीय गठबंधन के पास कोई विजन नहीं है।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को नसीहत

**–समर्पण करें अन्यथा दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे**



**जगदलपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक आमजन तक सुख-सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं हैं। उन्होंने आगे नक्सलवादियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि नक्सलवादी यदि आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसी बीच उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में बड़ा बदलाव हुआ है। इसी दोरान उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार तक में नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना-देना, शायद उन्हें मालूम नहीं कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकता है। सभा को संबोधित कर रहे गृह मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद समाप्त कर दिया है, वैसे ही नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार माह में 90 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं और 250 ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 02 साल के अंदर में ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की भी सलाह दी और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा विश्वास दिलाया कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, लेकिन कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

## ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की 24 हजार शिक्षकों की भर्ती

कोलकाता। ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में झटका दिया है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा की शिक्षक भर्ती को रद्द कर 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने तक की आरोप हैं। बता दें कि भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई टीएमसी पदाधिकारियों के साथ ही राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी जेल की हवार खा चुके हैं। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों इस कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं। यह घोटाला 2014 का है। तब पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। यह भर्ती प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी। उस समय पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। इस मामले में कई शिकायतें कोलकाता हाईकोर्ट में दाखिल की गई थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर स्थान दिया गया था। इनमें कुछ शिकायतें ऐसी भी थीं, जिनमें कहा गया था कि कुछ लोगों का मेरिट लिस्ट में नाम नहीं होने के बाद भी नौकरी दे दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी। जबकि शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप-डी की 13000 भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मालमे में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में पिछले साल 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

# पहले चरण के मतदान के बाद साफ हुआ ... इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद दावा किया कि देश भर में 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है और अब भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर भारत में 'हाफ (आधी) है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि पहले चरण के मतदान के बाद से भाजपा के नेता घबरा गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ट्वीट इसका संकेत है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर शुक्रवार को लगभग 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट दे रहे हैं। रमेश ने पोस्ट किया, भाजपा का ग्राफ-दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ। उन्होंने दावा किया, ''पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। जमीन की रिपोर्ट से साफ हो रहा है कि इंडिया गठबंधन भाजपा से कहीं आगे है। इंडिया गठबंधन ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में क्लीन स्वीप किया है। बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है।''

उनके मुताबिक, भाजपा के प्रत्याशियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस बार उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि मोदी की कोई हवा नहीं है?। कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री अपने भाषणों और साक्षात्कारों में बिल्कुल निष्प्रभावी नज़र आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन पर उनके हमले थके हुए से लग रहे हैं और बेतुकेपन से भरे हैं। वह कुछ भी बोल रहे हैं।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, गारंटी को लागू करने के मामले में हमारी राज्य सरकारों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड हैं। इससे कांग्रेस की गारंटी देशभर में लोकप्रिय हो रही है और चर्चा का विषय बनी हुई हैं। देशभर में अंडर करंट मजबूत हो रहा है। अब एक लहर चल रही है।

## आप नेता का आरोप......ये मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों सारे भ्ष्ट्राचार के दाग धो देता

नई दिल्ली। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रांची में विपक्षी इंडिया ब्लॉक की रैली को संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला किया। रैली को संबोधित कर आप नेता सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं। उन्होंने गलत आरोप लगाकर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। जब वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं, तब ऐसा लगता है जैसे ओसामा बिन लादेन और गब्बर सिंह अहिंसा का उपदेश दे रहे हो। रैली आप सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा में शामिल होने के बाद विपक्षी नेताओं के खिलाफ मामलों को खारिज कर दिया गया। आप नेता सिंह ने कहा, 2014 के बाद एक मोदी वाशिंग पाउडर आया है, जो आपके सारे भ्रष्टाचार साफ कर देता है। यह मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों में सारे दाग मिटा देता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी कई नेता भाजपा में शामिल हो गए या एनडीए का हिस्सा बन गए।

## असदुद्दीन ओवैसी ने की मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग

**– एआईएमआईएम प्रमुख ने बिहार के किशनगंज में रैली को किया संबोधित**

**किशनगंज (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मज्लिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को दर्शाते हुए मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सांसद ओवैसी ने बिहार की मुस्लिम बहुल सीट किशनगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। आवैसे ने बिहार विधायक अख्तरुल ईमान को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है।

दिवंगत नेता हुमेरा अजीज का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने एआईएमआईएम पर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के खिलाफ होने का झूठा आरोप लगाया है। 2004 की शुरुआत में, हमने सिकंदराबाद में एक महिला उम्मीदवार को अपना उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से देश में 17 लोकसभा चुनाव हुए हैं लेकिन सांसद बनने वाली मुस्लिम महिलाओं की संख्या सिर्फ 20 ही है, तो फिर मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं।

ओवैसी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर लोकसभा में एक संशोधन पेश किए जाने को लेकर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुझसे कहा कि आप एक संशोधन लाना चाहते हैं, लेकिन आपका समर्थन करने वाला ही कोई नहीं है। मैंने जवाब दिया कि अल्लाह मेरे साथ है। ओवैसी ने कहा कि मेरा तर्क है कि मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग मिलकर कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा हैं। हम इस विशाल सामाजिक वर्ग की महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकते।

ओवैसी ने दावा किया कि उनकी बातें जब कई ओबीसी संगठनों तक पहुंचीं तो उनके नेता उन्हें धन्यवाद देने आए और कहा कि ओवैसी साहब, केवल आपने और आपकी पार्टी के सांसद इम्तियाज जलील ने पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा उठाया। एआईएमआईएम ने बिहार की 40में से एक दर्जन से अधिक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ओवैसी लोकसभा चुनाव का प्रचार करने बिहार आए थे।

## अब भारतीय सेना हवाई खतरों को आसमान में ही करेगी खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन और पाकिस्तान की सीमा पर हवाई खतरों और हमलों को आसमान में ही खत्म करने के लिए भारतीय सेना ने नई तैयारी कर ली है। सेना ने 6800 करोड़ रुपए से दो हथियार प्रणाली को एक्वायर करने का फैसला किया है। सेना 500 से ज्यादा लॉन्चर्स के साथ दोनों सीमाओं पर 3000 हजार से ज्यादा मिसाइलों को तैनात करेगी।

पहली मिसाइल कंधे से दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल लेगला-एस मिसाइल. इसे रूस के साथ समझौते के तहत लाइसेंस लेकर भारत में ही बनाया जाता है। दूसरी मिसाइल है वेसहोरड। यह स्वदेशी मिसाइल सिस्टम है। दोनों ही कम रेंज के लिए उपयुक्त हथियार प्रणाली है। इन मिसाइलों से दुश्मन के ड्रोन, हेलिकॉप्टर, फाइटर जेट्स, मिसाइलों को ढेर किया जा सकता है।

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम है। जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम सिस्टम की लंबाई 5.16 फीट होती है। व्यास 72 मिलिमीटर. इस मिसाइल की नोक पर 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाते हैं। लेगला-एस की रेंज 5 से 6 किलोमीटर है। अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। यह मिसाइल 2266 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टारगेट की तरफ बढ़ती है. यानी दुश्मन को बचने का मौका कम ही मिलता है। नई इग्ला-एस हैंड-हेल्ड एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल भारतीय सेना में शामिल पुरानी इग्ला मिसाइल को बदलेगी।

वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाना है. इसके कई सफल परीक्षण हो चुके हैं। वेसहोरडएयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-400 जैसा है। अभी तक इसे जमीन पर रखे मैन पोर्टेबल लॉन्चर से दागा जाता था। अब इस लॉन्चर को ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि पर भी लगा सकते हैं।

# 15 मई से पहले केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है ईडी !



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया।

ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा। इससे पार्टी के बैंक अकाउंट से लेकर अन्य संपत्ति को सीज किया जा सकता है। कुछ जानकार तो यह भी कहते हैं कि ऐसा करना केजरीवाल की गिरफ्तारी से भी झटका होगा। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घाटोले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे कि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जा सकता है।

अदालतों में अलग-अलग आवेदनों की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसका इस्तेमाल किसी कंपनी के खिलाफ किया जाता है।

# तारीख पर तारीख...लेकिन गाजीपुर लैंडफिल साइट आज भी प्रदूषण की निशानी बनी हुई

**अमेठी (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। गाजीपुर लैंडफिल दुनियाभर में जाना-पहचाना जाता है। आए दिन लैंडफिल को खत्म करने की मांग जोर पकड़ती रहती है, लेकिन इस बार ये तब चर्चा में आया जब इस पर भयंकर आग लग गई। इससे पूरा इलाका जहरीली गैस और धुएं से भर गया है। 70 एकड़ में फैली गाजीपुर लैंडफिल साइट की शुरुआत साल 1984 में शुरू हुई थी। इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार के बराबर करीब 65 मीटर हो चुकी थी। हालांकि, अब ये घटकर 50 मीटर ऊंची है। पहले यहां करीब 140 लाख टन कचरा पड़ा हुआ था। साल 2024 में इस लैंडफिल को खत्म करने का लक्ष्य था, लेकिन अब साल 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

साल 2019 में गाजीपुर लैंडफिल साइट पर जमे कूड़े को हटाने का काम शुरू हुआ था, तब वहां 140 मैट्रिक टन कूड़ा मौजूद था। उसके बाद एलजी की निगरानी में तय हुआ था कि साल 2024 तक लैंडफिल साइट को खत्म करके यहां पार्क विकसित किया जाएगा पर अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। दिल्ली नगर निगम के आंकड़े के मुताबिक, 5 साल में 25 ट्रामेल मशीन की मदद से करीब 46 मैट्रिक टन कूड़े का ही निपटारा हो पाया है। इसकारण कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम हुई है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और अभी तक इस पर 84 मैट्रिक टन कूड़ा बचा है।

अभी तक कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए 1 ही एजेंसी काम कर रही है, क्योंकि दूसरी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया के लिए अब तक टेंडर नहीं आया है और इसका कारण है निगम की सबसे पावरफुल कमिटी स्टैंडिंग का गठन ही नहीं हो पाना क्योंकि दिल्ली नगर निगम एक्ट के मुताबिक, कोई भी टेंडर सबसे



पहले स्टैंडिंग कमिटी से अप्रूवल के बाद ही लाया जाता है। इसकारण गाजीपुर कूड़े के पहाड़ पर कचरा निस्तारण का काम 1 ही एजेंसी कर रही है। काम की गति धीमी होने के कारण कचरे के पहाड़ को पूरी तरह से खत्म करने की समय सीमा बढ़ाकर साल 2026 करनी पड़ी है।


## भाजपा एक पार्टी नहीं, एक पंथ बन गई जिसमें मोदी को पूजा जा रहा : चिदंबरम

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जाहिर कि'इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपने घोषणपत्र को मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है, जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो चुकी है, इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तब वे संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।''

# ईरान-इजरायल संघर्ष से बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

**मुंबई ।**

ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब] यूएई, कुवैत, कतर, इराक 33 लाख बैरल प्रति दिन और ईरान 13 लाख बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं।



इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

# जोमैटो से अब खाना मंगाना महंगा पड़ेगा

## - जोमैटो ने प्लेटफार्म फीस 25 फीसदी बढ़ाई

**नई दिल्ली ।**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से अब खाना मंगाना महंगा हो जाएगा। जोमैटो ने अपने प्लेटफॉर्म फीस 25 फीसदी बढ़ा दी है। ईटी के मुताबिक अब इस प्लेटफार्म से आर्डर देने पर आपको हर बार पांच रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इससे पहले यह चार रुपये प्रति ऑर्डर था। ज़ोमैटो ने पिछले साल अगस्त में ही प्लेटफार्म शुल्क लेना शुरू किया था। उस समय प्लेटफार्म फी के रूप में दो रुपये प्रति आर्डर लेना शुरू हुआ था। इसके बाद इसे बढ़ाकर तीन रुपये कर दिया था। नए साल की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड खाद्य ऑर्डरों से उत्साहित होकर उसने जनवरी में प्रमुख बाजारों में अपने अनिवार्य प्लेटफ़ॉर्म शुल्क को तीन रुपये प्रति ऑर्डर से बढ़ाकर चार रुपये कर दिया था। जोमैटो ने जो प्लेटफार्म फीस लगाया है, वह डिलीवरी चार्जेस के अतिरिक्त होता है। हालांकि, जोमैटो गोल्ड के मेम्बर्स को डिलीवरी शुल्क नहीं होना पड़ता है। लेकिन उन्हें प्लेटफार्म फीस तो देना ही पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि जोमैटो का ही क्विक-कॉमर्स प्लेटफार्म ब्लिंकिट भी हर आर्डर पर कम से कम 2 रुपये हैंडलिंग चार्ज के रूप में वसूलता है।

उल्लेखनीय है कि जोमैटो को पिछले हफ्ते ही 11.81 करोड़ रुपये की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग और जुर्माने का आदेश मिला। इसमें जुलाई 2017-मार्च 2021 की अवधि के लिए 5.9 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग और 5.9 करोड़ रुपये का जुर्माना शामिल है।

# अब किसी भी उम्र में खरीद सकेंगे बीमा पालिसी

## - अभी तक 65 साल से ऊपर था प्रतिबंध




**नई दिल्ली ।**

बीमा नियामक इरडा ने बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें।

बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। इसके अलावा बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा।

# बिहार में सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल, यूपी में भी बदले भाव



## - ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 86.60 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी है और जल्द ही क्रूड एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल के पार जाता दिख रहा है। इस बीच सोमवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। सोमवार को बिहार में तेल की कीमतों में कटौती दिख रही है।

यूपी सहित अन्य कई राज्यों में भी तेल के दाम बदल गए हैं। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में बदलाव नहीं दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 13 पैसे महंगा होकर 94.87 रुपये लीटर हो गया। यहां डीजल भी 14 पैसे चढ़ा और 88.00 रुपये लीटर बिक रहा है। गाजियाबाद में भी पेट्रोल 9 पैसे महंगा होकर 94.65 रुपये लीटर तो डीजल 11 पैसे चढ़कर 87.75 रुपये लीटर हो गया है। इसके अलावा बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता हुआ और 105.18 रुपये लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल 83 पैसे गिरावट के साथ 92.04 रुपये लीटर बिक रहा है। इधर वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में भी उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 86.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। डब्ल्यूटीआई भी चढ़कर 82.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.87 रुपये और डीजल 88.00 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# गूगल का नया स्मार्टफोन पिक्सल 8ए अगले महीने होगा लांच

**नई दिल्ली ।**

गूगल का नया स्मार्टफोन गूगल पिक्सल 8ए अगले महीने अपने ग्लोबल गूगल के एक इवेंट में लांच किया जा सकता है। बता दें कि पिक्सल 8ए की कीमत भी ऑनलाइन लीक हो गई है, गूगल के इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए थोड़ा ज़्यादा खर्च करना पड़ सकता है। इसके अलावा ये भी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले फोन में एआई सुविधाएं मिल सकती हैं। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में पिक्सल 8ए की कीमत 128जीबी स्टोरेज कॉन्फिगरेशन के लिए सीएडी 708.99 (लगभग 42,830 रुपये) होगी, जबकि 256जीबी वेरिएंट की कीमत सीएडी 792.99 (लगभग 47,900 रुपये) होगी। बताया जा रहा है कि पिक्सल 8ए की कीमत पिछले 7ए से 1,000 रुपये से 2000 रुपये अधिक होगी। गूगल ने मई 2023 में पिक्सल 7ए लॉन्च किया था, जिसकी कीमत 8जीबी प्लस 128जीबी रैम और स्टोरेज कॉन्फिगरेशन के लिए 43,999 रुपये रखी गई थी। पिक्सल 8ए के कंपनी के जी3 चिप से लैस होने की संभावना है। फीचर्स के तौर पर इसमें 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.1-इंच ओएलईडी स्क्रीन से लैस हो सकता है। आने वाले पिक्सल 8ए को डुअल कैमरा सेटअप के साथ पेश किया जाएगा, जिसमें 64-मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 13-मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड एंगल कैमरा शामिल है। ये भी कहा जाता है कि स्मार्टफोन का आकार 153.44 गुणित 72.74 गुणित 8.94एमएम है, जो कि इसके पिछले मॉडल पिक्सल 7ए की तरह है।



# हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ का आया निवेश

**नई दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने के कारण हुई। मार्च, 2024 में इस खंड में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। अप्रैल में वित्त वर्ष 2023-24 की शुरुआत से ही ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से यह श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है। इससे पहले मार्च में इस खंड में 12,372 करोड़ रुपए की निकासी देखी गई थी। एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक हाइब्रिड श्रेणी में बीते वित्त वर्ष में 1.45 लाख करोड़ रुपए का प्रवाह देखा गया, जबकि वित्त वर्ष 202-23 में 18,813 करोड़ रुपए की निकासी हुई थी।



# क्रेडिट कार्ड से कुछ भुगतान में हुए बदलाव


**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक क्रेडिट कार्ड के तहत किए जाने वाले भुगतान को लेकर बड़ा फैसला कर सकता है। सूत्रों की मानें तो क्रेडिट कार्ड से होने वाले मकान या दुकान के किराए, सोसायटी शुल्क, ट्यूशन फीस, वेंडर शुल्क आदि के भुगतान के विकल्प हटाए जा सकते हैं। आरबीआई ने इन भुगतानों पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि क्रेडिट कार्ड को ग्राहक के किसी कारोबारी को व्यावसायिक भुगतान कर पाने के लिए बनाया गया। न की व्यक्तिगत तौर पर होने वाले भुगतान के लिए। पिछले कुछ सालों में क्रेडिट कार्ड से ये सब भुगतान की संख्या काफी बढ़ी है।

# मालदीव में घटी भारतीय पर्यटकों की संख्या



**नई दिल्ली ।** भारत और मालदीव के रिश्तों में आई खटास के बाद से भारतीयों की तरफ से सोशल मीडिया पर मालदीव पर्यटन का बहिष्कार शुरू कर दिया गया था। इसका असर भी अब वहां देखने को मिल रहा है। मालदीव सरकार के हालिया आंकड़ों के मुताबिक मालदीव घूमने जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। ऐसे में अब जो रिपोर्ट सामने आई है, उसकी मानें तो 2024 की पहली तिमाही में मालदीव की यात्रा करने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। मालदीव ने अपनी पहली तिमाही पर्यटन रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ये खुलासा हुआ है। इन आंकड़ों के मुताबिक मालदीव में इस तिमाही में सबसे ज्यादा पर्यटक चीन से पहुंचे। जबकि भारत जो मालदीव का दूसरा पड़ोसी देश है, वहां से मालदीव जाने वालों की संख्या घटकर छठवें स्थान पर पहुंच गई। आंकड़ों के मुताबिक चीन के बाद रूस से सबसे अधिक पर्यटक मालदीव पहुंचे हैं। इसके बाद यूरोप-यूके, इटली व जर्मनी का नंबर है। आंकड़ों के अनुसार मार्च 2023 की तुलना में मार्च 2024 में भारतीय पर्यटकों की संख्या में 54 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें कि जनवरी और मार्च 2023 के बीच मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 56,208 थी, जो इस साल जनवरी-मार्च के बीच घटकर 34,847 हो गई।

# रूस ने पाकिस्तानी चावल में फिर से रोक लगाने की चेतावनी दी



**इस्लामाबाद ।** रूस ने हालिया शिपमेंट में एक क्वारंटाइन ऑर्गेनिज्म की मौजूदगी का पता लगाने के बाद पाकिस्तान को उसके यहां से चावल के आयात पर फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार रूस की संघीय वेटरनिरी एंड फाइटोसैनिटरी सर्विलांस सेवा (एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं के उल्लंघन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की, जिसमें मेगासेलिया स्केलारिस मक्खी पाई गई थी। इसने रूस में पाकिस्तानी दूतावास से मामले की तत्काल जांच का आदेश देने की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होने और कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए प्रासंगिक फाइटोसैनिटरी मानकों को बनाए रखने की मांग की है। पाकिस्तानी मिशन ने खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप संरक्षण विभाग (डीपीपी) और संबंधित अन्य सरकारी कार्यालयों को रूसी प्राधिकरण के पत्र का अंग्रेजी अनुवाद भेजा है, जिसमें चावल निर्यात पर किसी भी प्रतिबंध से बचने के लिए शीघ्र जांच करने और रिपोर्ट साझा करने की मांग की गई है। रूस ने पहले 2019 में इसी तरह के मामले के आधार पर प्रतिबंध लगाया था, जो लगभग दो साल तक लगा रहा और खाद्य सुरक्षा मानकों पर दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच बातचीत की लंबी श्रृंखला के बाद ही हटाया गया था।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढत के साथ बंद हुए। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 560.29 अंक करीब 0.77 फीसदी बढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी तरह पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 189.40 अंक तकरीबन 0.86 फीसदी की बढ़त के साथ 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। आज सभी सेक्टर में बढ़त रही।

आज कारोबार के के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट , इशर मोटर्स , एलएंडटी और श्रीराम फाइनेंस निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि एनटीपीसी , एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील के शेयर नीचे आये।



कारोबार के दौरान बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1 फीसदी की तेजी आई। इस दौरान ऑटो, पीएसयू बैंक, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और रियल्टी इंडेक्स में 1 से 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। बाकी सभी सेक्टर के इंडेक्स भी आज लाभ के साथ ही ऊपर आये। दूसरी ओर एशियाई बाजार की बात करें तो जापान का निक्केई 225 0.49 फीसदी ऊपर, जबकि टॉपिक्स 1.23 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.59 फीसदी चढ़ा।

हालांकि, अमेरिका में सूचकांक शुक्रवार को मिलेजुले कारोबार के साथ बंद हुए, एसएंडपी 500 में 0.88 प्रतिशत और नैस्डैक कंपोजिट में 2.05 फीसदी की गिरावट आई। जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.56 फीसदी की बढ़त रही। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 400 अंक बढ़कर 73,486 पर और एनएसई निफ्टी 50 126 अंक बढ़कर 22,278 पर पहुंच गया।

# एप्पल भारत में पांच लाख लोगों को देगी नौकरी !

**मुंबई।**

आईफोन बनाने वाली अमेरिका की प्रमुख कंपनी एपल भारत में बड़े पैमाने पर कारोबार करने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल ऐपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। ऐपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि ऐपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है। एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में ऐपल ने कोई बयान नहीं दिया है। ऐपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में ऐपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजारम में सबसे आगे रही जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी। फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि ऐपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है और 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से ऐपल के आईफोन का निर्यात 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था। इस तरह भारत से कंपनी के निर्यात में करीब 100 फीसदी तेजी आई।



# हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर, श्रीमद रामायण में बाल हनुमान की शक्ति और भक्ति की ताकत देखें



**मुंबई** : सोनी की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण में माता सीता को खोजने के प्रयास तेज हो गए हैं, क्योंकि भगवान हनुमान ने अपनी वानर सेना के साथ लंका की ओर कदमताल शुरू कर दिया है। इस सफर के दौरान, वे समुद्र के किनारे पहुंच जाते हैं, और उनकी उम्मीदों का बांध टूटना शुरू हो जाता है क्योंकि सेना के पास समुद्र पार करने का कोई साधन नहीं है। तभी जामवंत भगवान हनुमान के सामने पहुंचते हैं और उन्हें उनके जन्म और उन दिव्य शक्तियों का स्मरण कराते हैं, जिनसे उन्हें लंका में माता सीता को खोजने में मदद मिलेगी। अंजना और केसरी से जन्मे, भगवान हनुमान के पास अद्वितीय शक्तियां थीं, लेकिन इस कारण से वे काफी नटखट और शरारती भी हो गए। इतना कि एक दिन, अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए, उन्हें एक लाल चमकता हुआ गोला दिखाई देता है जिसे वह फल मानते हुए उसे खाने के लिए निकल पड़ते हैं, लेकिन वह वास्तव में सूर्य है। चूंकि अनजाने में ही सही, लेकिन बाल हनुमान ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया था, इसलिए भगवान ब्रह्मा ने हनुमान को श्राप दिया, जिसके कारण भगवान हनुमान अपनी सभी शक्तियों को भूल गए, जो तभी वापस आ सकती थी जब कोई उन्हें उनकी याद दिलाता और उन्हें राम भक्ति का वरदान देता। निर्भय वाधवा कहते हैं, शो श्रीमद रामायण में, बाल हनुमान की कहानी दिखाया जाना किसी साधारण पल से कही बढ़कर बात है; यह कहानी बड़ी खूबसूरती से हमें याद दिलाती है कि वास्तविक धैर्य का जन्म केवल शारीरिक कौशल से नहीं बल्कि व्यक्ति की आत्मा की पवित्रता से भी होता है।

# एआई पर विस्तृत अध्ययन करने संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

**नई दिल्ली ।** निष्पक्ष व्यापार निगरानी संस्था सीसीआई ने कृत्रिम मेधा और प्रतिस्पर्धा पर उसके प्रभाव पर एक विस्तृत बाजार अध्ययन करने के लिए संस्थाओं से सोमवार को प्रस्ताव आमंत्रित किए। अध्ययन के संचालन के लिए एक एजेंसी या संस्था को संलग्न करने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज़ जारी करते हुए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कहा कि एआई की परिवर्तनकारी क्षमताओं में जहां एक ओर आपूर्ति व मांग बढ़ाने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर इसके इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रतिस्पर्धा जोखिम चिंता का विषय हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तारीख तीन जून है। संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद, वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 28 जून है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता व प्रतिस्पर्धा पर प्रस्तावित बाजार अध्ययन ऐसे समय में किया जा रहा है जब उद्योगों में एआई के बढ़ते उपयोग ने बाजारों में प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के लिए इसके निहितार्थ को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। सीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि एआई व मशीन लर्निंग दक्षता तथा नवाचार को बढ़ा सकती है, लेकिन बाजार की एकाग्रता और संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी जन्म दे सकती हैं। सीसीआई को प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और बाज़ार में प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं पर अंकुश लगाने का अधिकार है।

# आईपीएल 2024 में सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2024 में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इससे पहले हुए मुकाबले में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही पिछली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। सीएके इस मैच को जीतकर अंकतालिका में भी ऊपर आना चाहेगी। पिछली बार दोनों टीमों का मुकाबला लखनऊ में हुआ था जिसमें सुपर जाइंट्स जीती थी। अभी दोनो ही टीमों के सात मैचों के बाद आठ अंक हैं।

सुपर जाइंट्स के लिए इस मैच में सीएसके को हराना आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके पास एक से बड़कर एक खिलाड़ी हैं और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी जबरदस्त लय में हैं। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लेआफ के लिए अपनी दावेदार बनाने पर रहेंगी। सीएसके की कमजोरी उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लय में नहीं होना है। अभी तक टीम की ओर से कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के प्रदर्शन में ही निरंतरता दिखी है। लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में इन दोनो के विफल रहने के बाद मध्यक्रम दबाव में टूट गया था जिससे मैच में उसके हाथ से जीत निकल गयी। उसके सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं।

सीएसके ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में अजिंक्य रहाणे को पारी की शुरुआत करने भेजा था। वहीं रूतुराज तीसरे नंबर पर आये थे। अब इस मैच में देखना होगा कि वह किस नंबर पर उतरते हैं। ऑलाराउंडर रविंद्र जडेजा और धोनी के अच्छे फार्म में होने का भी टीम को लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच में शीर्ष क्रम से बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है।

गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है। पथिराना ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा जडेजा भी एक अच्छे स्पिनर हैं। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की बल्लेबाजी की जिम्मेदार कप्तान केएल राहुल और क्वींटन डिकॉक पर रहेगी। निकोलस पूरन ने भी अब तक अच्छा खेला है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगर फिट हुए तो इस मैच से वापसी कर सकते हैं। वह चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं।

वहीं तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नये खिलाड़ी मैट हेनरी भी इस मैच में बेहतर कर टीम में जगह बनाना चाहेंगे। स्पिन गेंदबाजी की कमान रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या संभालेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतिम ओवरों में बेहद आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें रोकना सुपर जाइंट्स के गेंदबाजाजों के लिए बेहद कठिन होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं अगर सुपर जाइंट्स के मयंक वापसी करते हैं तो उनकी रफ्तार का सामना सीएसके के बल्लेबाज किस प्रकार करेंगे ये देखना होगा।




### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, ऋुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# 17 साल के भारत के गुकेश बने फीडे कैंडीडेट्स शतरंज विजेता, बनाया विश्व रिकॉर्ड



**टोरंटो,कनाडा (एजेंसी)।** फीडे कैंडिडैट शतरंज के अंतिम राउंड में भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें आखिरकार इतिहास में सबसे कम उम्र में यह खिताब जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है । गुकेश अब दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर बन गए है । गुकेश नें अंतिम राउंड में आधा अंक की बढ़त के साथ शुरुआत की और उनके सामने थे विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा , काले मोहरो से खेल रहे गुकेश को कम से कम टाईब्रेक में बने रहने के लिए मैच को ड्रॉ पर रोकने की जरूरत थी , क्यूजीए ओपनिंग में गुकेश नें नाकामुरा को खेल में कभी भी बढ़त नहीं बनाने दी और शानदार एंडगेम दिखाते हुए 71 चालों तक चली बाजी को ड्रॉ करा लिया ।

अब गेंद यूएसए क फबियानों करूआना के पाले में थी जो रूस के यान नेपोमनिशी के खिलाफ बेहतर स्थिति में थे और जीतकर गुकेश को टाईब्रेक में चुनौती दे सकते थे पर वह ऐसा करने में असफल रहे और उनका मैच 109 चालों तक चलने के बाद बेनतीजा रहा और इस तरह गुकेश 9 अंको के साथ कैंडिडैट विजेता बन गए जबकि 8.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर नाकामुरा दूसरे ,नेपोमनिशी तीसरे और करूआना चौंथे स्थान अपर रहे , अंतिम राउंड जीतकर 7 अंको के साथ भारत के प्रज्ञानन्दा पांचवे , 6 अंको के साथ विदित छठे , 5 अंको के साथ अलीरेजा सातवे और 3.5 अंको के साथ अबासोव आखिरी स्थान पर रहे ।अब गुकेश इस साल के अंत में या अगले वर्ष के शुरुआत में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन को विश्व खिताब के लिए चुनौती देंगे , और अगर गुकेश विश्व चैम्पियन बने तो वह 22 साल में विश्व चैम्पियन बनने के रूस के गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ देंगे ।

# उथप्पा बोले मानसिक रुप से निराश हैं पांड्या



**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मानसिक रुप से परेशान होने के कारण आईपीएल सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पांड्या को इस सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी दी गयी थी पर वह गेंद और बल्ले के अलावा कप्तानी कौशल में भी सफल नहीं हुए हैं। उथप्पा के अनुसार रोहित शर्मा की जगह टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों की हूटिंग का शिकार हुए हैं जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। उन्हें प्रशंसकों की ओर से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं।

हार्दिक का बचाव करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों का उनके प्रति व्यवहार सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सर्वकालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024: सौरव गांगुली का विराट-रोहित को लेकर बयान, कही ये बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल का 17वां सीजन जारी है। जबकि इसका आखिरी मुकाबला 26 मई को खेला जाना है। जिसके बाद टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होगा। वहीं कुछ दिन में ही टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भारत के स्क्वॉड का ऐलान होगा। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस मैच के लिए रोहित दिल्ली में होंगे, तब चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर भी यहां होंगे और स्क्वॉड ऐलान से पहले सभी मीटिंग में शामिल होंगे। भारती के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वर्ल्ड कप को लेकर विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बड़ी बात कही।

रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में भारत के कप्तान होंगे, इसकी पुष्टि जय शाह पहले ही कर चुके हैं। विराट कोहली का भी स्क्वॉड में होना कन्फर्म है। आईपीएल खेल रहे विराट कोहली आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं और अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। सौरव गांगुली की माने तो विराट और रोहित शर्मा को आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए। पीटीआई से बातचीत में भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि, विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारत के लिए इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पारी की शुरुआत करना चाहिए। विराट कोहली 40 बॉल पर 100 रन भी बना सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। विराट कोहली ने 117 मैचों में 4039 रन बनाए हैं। उनका इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा स्कोर नाबाद 122 का है। रोहित शर्मा ने 151 मैचों में 3974 रन बनाए हैं। रोहित का इस फॉर्मेट में नाबाद 121 सर्वाधिक स्कोर है।





## पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में नावों पर परेड करेंगे प्रतिनिधि

पेरिस ।आमागी पेरिस ओलंपिक के लिए सीन नदी पर भव्य उद्घाटन समारोह होगा। चार घंटे तक चलने वाले इस समारोह में सूर्यास्त और चंद्रमा की झलक लिखेगी। इस दौरान कुल 205 देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधि सीन नदी पर नावों पर परेड करेंगे। यह समारोह धीरे-धीरे पूर्व से पश्चिम की ओर, पुल से पुल तक, पोंट डी ऑस्टरलिट्ज़ से पोंट डी आइना तक छह किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

# विराट पर 50 फीसदी जुर्माना लगा

कोलकाता ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा है। विराट के ऊपर अचार संहिता उल्लंघन को लेकर 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इसका कारण है कि विराट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ हुए मैच में अंपायर के फैसले पर सवाल उठाये थे। विराट को इस मैच में तीसरे ओवर में ही हर्षित राणा की एक फुल टॉस गेंद पर आउट करार दिया गया जबकि विराट का मानना था कि कमर से अधिक ऊंची होने के कारण वह नो बॉल थी। इससे वह अंपायर पर भड़क गये। इस दौरान डीआरएस भी लिया गया। थर्ड अंपायर माइकल गॉफ ने रिप्ले देखने के बाद फैसला दिया कि वह आउट हैं। इसका कारण था कि कि विराट पहले ही क्रीज से बाहर खड़े थे तो ऐसे में गेंद उनके कमर के नीचे हिस्से पर लगती। बॉल-ट्रैकिंग में भी गेंद नीचे जाती दिख रही थी। जैसे ही तीसरे अंपायर का फैसला आया, कोहली निराश हो गए। वह पवेलियन की ओर लौटते हुए गुस्से में दिख रहे थे। इसी बीच वह मैदानी अंपायर के पास गए और फैसले पर नाराजगी जतायी। कोहली के इस व्यवहार को बीसीसीआई ने आचार संहिता उल्लंधन माना है। इसी कारण उनपर जुर्माना लगा गया।



# नरेन को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं गंभीर



कोलकाता ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच गौतम गंभीर ने सुनील नरेन की जमकर प्रशंसा की है। गंभीर ने कहा कि नरेन को वह आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। गंभीर के अनुसार साल 2011 में नरेन को भारत के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में खेलने देखकर उन्हें पता चल गया था कि ये खिलाड़ी टी20 क्रिकेट में महान बनेगा। गंभीर ने कहा कि साल 2011 में नारायण को पदार्पण श्रृंखला में खेलते हुए देखने के बाद ही उन्होंने इस खिलाड़ी को आईपीएल के लिए शामिल करने का फैसला किया था. गंभीर ने कहा, 'मैंने तब नरेन की सात या आठ गेंदों का ही सामना किया था और तभी मुझे लगा कि यह का महान क्रिकेटर बनेगा। नरेन ने अपने आईपीएल करियर में 170 विकेट लिए हैं और लीग में 168 मैच में एक शतक सहित 1322 रन भी बनाए हैं. नरेन ने दिसंबर 2011 में अहमदाबाद में तीसरे एकदिवसीय में भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था जिसमें उन्होंने विराट कोहली और आर अश्विन को आउट कर 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। गंभीर ने चौथे एकदिवसीय में पहली बार नरेन की गेंदों का सामना किया था। नरेन हालांकि छह ओवर में 46 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाये थे। वहीं साल 2012 में नरेन केकेआर के रहस्यमयी गेंदबाज के तौर पर सामने आए और 24 विकेट लेकर मोर्नी मोर्कल के 25 विकेट के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने थे। इससे केकेआर की टीम 2012 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही। केकेआर ने दूसरी बार जब 2014 में खिताब जीता तब भी नरेन ने 21 विकेट लिए थे। इसके साथ ही वह बल्लेबाजी से भी टीम का सहयोग करते रहे हैं।

# चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 में पाक को हराया

**रावलपिंडी (एजेंसी) ।** मार्क चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने सैम आयुब के 32, कप्तान बाबर आजम के 37, रिजवान के 22, इरफान खान के 30 और शादाब खान के 41 रनों से कुल 178 रन बनाए थे। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। उसे टिम रोबिन्सन और टिम सेफर्ट ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद मार्क चैपमैन ने 42 गेंदों पर ही 87 रन बनाकर 19वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया थ जबकि दूसरा पाक ने जीता था।

जीत के बाद न्यूजीलैंड के चैपमैन ने खुशी जताते हुए कहा कि सीरीज बराबर आने से उन्हें खुशी हुई है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है इससे लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। हमारे लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करना लाभप्रद रहा। हम जानते हैं कि पाकिस्तान की डेथ ओवरों में गेंदबाज शानदार है इसके बाद भी हमारे बल्लेबाज सफल हुए।

दूसरे ओर हार से निराश पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि बदकिस्मती से हम 10 रन कम रह गए। मुझे लगता है कि शादाब ने अच्छी रिकवरी की और अच्छी साझेदारी बनाई। मुझे लगता है कि 180-190 स्कोर होना चाहिये था। हमने हालातों के अनुसार खेलने का प्रयास किया था। शादाब ने योजना के अनुसार अपना स्वाभाविक खेल खेला। साथ ही कहा कि हमारा क्षेत्ररक्षण खराब रहा जिससे भी हमारे हाथ से मुकाबला निकल गया।




## भारत के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला पर पीसीबी प्रमुख ने कहा, अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

कराची ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है। लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, ''देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'' उन्होंने कहा, ''फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।'' दोनों टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंतत: एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में होना था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।




# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।'' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यराेप टीम के बीच खेली जाती है। रोजर फेडरर के संन्यास से पहले नडाल और स्विट्जरलैंड के इस महान खिलाड़ी ने अपने आखिरी मैच के लिए लंदन में 2022 में लीवर लेवर कप में युगल जोड़ी बनाई थी। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले आखिरी बार रोजर के साथ लंदन में खेलना भी शामिल है।



# एमएलएस लीग में मियामी ने नाशविले को हराया, मेसी ने किये दो गोल

न्यूजर्सी ।स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के दो गोलों और सर्गियो बुस्कुवेट्स के एक गोल की सहायता से इंटर मियामी ने अमेरिका में जारी मेजर लीग फुटबाल (एमएलएस) में नाशविले एससी को 3-1 से हरा दिया। इससे पहले मेसी ने ओरलेंडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल किये थे। अब मेसी के इस लीग में कुल मिलाकर सात गोल हो गये हैं। इस मैच में मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में ही गलती से एक गेंद अपने ही गोल पोस्ट में मार दी। इस आत्मघाती गोल से नाशविले की टीम को शुरुआत में ही बढ़त मिल गयी पर मेसी ने लुईस सुआरेज के पास पर एक गोली कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने एक गोल दागते हुए अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी। मेसी ने इसके बाद 81वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया।

# अभिषेक ने अपनी आंक्रामक बल्लेबाजी का राज बताया

**मुम्बई (एजेंसी) ।** नई दिल्ली (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए कई आक्रामक पारियां खेली हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 12 गेंद में ही 46 रन बना दिये थे।अब अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के पीछे छिपा राज बताया है। अभिषेक ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करने से उन्हें लाभ हुआ है। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ केवल 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी इसी सत्र में अपने नाम किया है। उन्होंने इस सत्र में कुलदीप यादव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने चार छक्के कुलदीप की गेंद पर लगाये हैं। इसी को लेकर अभिषेक ने कहा कि कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने का उन्हें लाभ हुआ। अभिषेक ने कहा, '' मैं स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के अनुसार तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास भी करता हूं। इससे भी मुझे लाभ मिलता है।''


अपनी पारी में छह छक्के लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय कड़ी मेहनत से आई है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी लाभ हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। साथ ही कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का प्रशंस हूं। उनके हमारी टीम में होने से भी मुझे लाभ मिला है। साथ ही कहा कि जब भी मुझे गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।''



# आईपीएल 2024 : केकेआर दूसरे और गुजरात छठे स्थान पर पहुंची

मुम्बई ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल सत्र में जीत के साथ ही अंक तालिका में अब दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस भी 8वें से छठे स्थान पर पहुंच गयी है। नंबर एक स्थान पर अभी भी 12 अंकों के साथ ही राजस्थान रॉयल्स बकररार है। केकेआर 7 मैचों में 5 जीत के बाद 10 अंकों लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जाइंट्स 8-8 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। गुजरात टाइटंस छह अंकों के साथ ही छठे नंबर पर जबकि मुंबई 6 अंकों के साथ 7वें तथा दिल्ली इतने ही अंकों के साथ 8वें स्थान पर आ गई है। पंजाब किंग्स 4 अंकों के साथ 9वें स्थान पर और आरसीबी 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है।

## महावीर जयंती पर बाइडन ने दी बधाई



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस बधाई को देते ही बाइडन ऐसा करने वाले वह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गये हैं। बाइडन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि आइए आज हम महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी एवं सद्भाव फैलाकर उनका जश्न मनाएं। प्रख्यात जैन समुदाय के नेता और एशियाई अमेरिकी और मूल हवाईयन/प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) आयुक्त पर राष्ट्रपति के सलाहकार अजय भुटोरिया ने बाइडेन के संदेश का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## टेस्ला ने चीन, जर्मनी में कीमतों में कटौती की

न्यूयार्क ।इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला ने चीन और जर्मनी सहित अपने कई प्रमुख विदेशी बाजारों में कीमतों में कटौती की है, क्योंकि यह गिरती बिक्री और तीव्र मूल्य युद्ध से जूझ रहा है। सीईओ एलन मस्क ने पोस्ट किया, उत्पादन को मांग के अनुरूप बनाने के लिए टेस्ला की कीमतों में बार-बार बदलाव होना चाहिए। ईवी दिग्गज ने चीन में मॉडल 3 की शुरुआती कीमत में 2,000 डॉलर से कम की कटौती की, इसकी आधिकारिक वेबसाइट ने दिखाया, जबकि जर्मनी के साथ-साथ यूरोप, मध्य पूर्व और कई अन्य देशों में भी कीमतों में कटौती की गई। मॉडल वाई, मॉडल एक्स और मॉडल एस वाहनों की अमेरिकी कीमतों में 2,000 डॉलर की कटौती की गई। टेस्ला द्वारा इस महीने की शुरुआत में रिपोर्ट किए जाने के बाद कीमतों में कटौती की गई है कि उसकी वैश्विक वाहन डिलीवरी लगभग चार वर्षों में पहली बार पहली तिमाही में गिर गई, जिससे कंपनी को पिछले सप्ताह अपने कार्यबल में 10 प्रतिशत से अधिक की कटौती करनी पड़ी, जिससे करीब 14,000 नौकरियां खत्म हो गईं। जैसा कि पहले रिपोर्ट दी थी कि मस्क ने 20 प्रतिशत कर्मचारियों की संख्या में कटौती पर जोर दिया था, जिससे पता चलता है कि कटौती की वास्तविक संख्या 20,000 से अधिक हो सकती है। टेस्ला मंगलवार को अपनी पहली तिमाही की आय रिपोर्ट करने के लिए तैयार है, और इसके परिचालन लाभ में भारी गिरावट के साथ-साथ चार वर्षों में पहली बार राजस्व में गिरावट की उम्मीद है। इस साल अब तक टेस्ला का स्टॉक 40 प्रतिशत से अधिक नीचे है।

## गाजा में सामूहिक कब्र में 180 लोगों के शव मिले

गाजा ।गाजा में दक्षिणी गजान शहर खान यूनिस के नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में मौजूद सामूहिक कब्र में 180 लोगों के शव मिले हैं। रिपोर्टों के अनुसार सप्ताहांत में फिलिस्तीन के आपातकालीन सेवा कर्मचारियों को अस्पताल परिसर में मौजूद सामूहिक कब्र से बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों के शव मिले हैं। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा यहूदी राज्य पर हमला करने के बाद इजरायल ने गाजा पट्टी में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 34 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

## ग्वांगडोंग में आई आंधी-तूफान से 11 लापता

ग्वांगडोंग। यूएई के बाद दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के कई हिस्सों में हाल के दिनों में लगातार बारिश के बाद कुल 11 लोग लापता हैं। यह जानकारी प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने दी। हाल ही में हुई भारी बारिश ने शाओगुआन, गुआंगज़ौ, हेयुआन, झाओकिंग, किंगयुआन, मेइझोउ और हुइझोउ सहित कई क्षेत्रों को प्रभावित किया है। विभाग ने कहा कि पूरे प्रांत में कुल 53,741 लोगों को स्थानांतरित किया गया है, जिनमें से 12,256 लोगों को तत्काल पुनर्वास प्रदान किया गया है।

## इंडोनेशिया के जावा में 5.0 तीव्रता का भूकंप

बीजिंग ।इंडोनेशिया के जावा में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 0048 बजे 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र, 97.8 किमी की गहराई पर, शुरुआत में 7.94 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 109.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया। इस भूकंप में अबतक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## इजराइल में खुफिया कोर प्रमुख हलीवा ने दिया इस्तीफा

तेलअवीव ।इजराइली सेना ने कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। अहरोन हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने हमास के सात अक्टूबर के हमले में इजराइल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी।

## कोकीन का नशा छुडाने में मददगार होगी ये वैक्सीन,बिलकुल अलग तरीके से करेगी वैक्सीन काम

ब्राजीलिया। दुनियाभर में लाखों लोगों की कोकीन के नशे की लत छोड़ने में मददगार होगी ब्राजील के वैज्ञानिकों द्वारा बनाई गई वैक्सीन। वैज्ञानिकों ने इस वैव ?सीन को 'कैलिक्सकोका' नाम दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये वैव ?सीन एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर करती है, जो कोकीन और उसके डेरिवेटिव से मिलने वाले 'हाई' यानी तीव्र नशे को रोकता है। यह दवा लोगों को नशे की लत छोड़ने में बिलकुल अलग तरीके से काम करेगी। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये वैक्सीन कोकीन के असर को दिमाग तक पहुंचने ही नहीं देती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अकेले अमेरिका में हर साल कोकीन के नशे की लत का इलाज कराने वाले 9,00,000 लोगों में से ज्यादातर को इलाज की जरूरत महसूस होती है। कई बार लंबे इलाज के बाद भी वे फिर से कोकीन लेना शुरू कर देते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये वैक्सीन कोकीन लेने से होने वाले 'हाई' को दबाने के लिए डिजाइन किया गया है। ये वक्सीन कोकीन लेने की इच्छा को ही खत्म करने में बेहतरीन उपकरण साबित होगी। येल के क्लिनिकल अध्ययन में पाया गया कि वैक्सीन कोकीन एंटीबॉडी का उत्पादन करती है, जो संभावित रूप से नशे को दिमाग तक पहुंचने से रोककर इसके असर को रोक सकती है। येल स्कूल ऑफ मेडिसिन में मनोचिकित्सा के प्रोफेसर और वीए कनेक्टिकट हेल्थकेयर सिस्टम के मनोचिकित्सा के प्रमुख थॉमस आर। कोस्टेन और उनकी टीम ने 34 कोकीन का सेवन करने वालों को वैक्सीन लगाई। इन लोगों को 3-10 साल से कोकीन की लत थी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन ड्रग एब्यूज समर्थित अध्ययन से पता चला कि वैक्सीन लगाने के बाद उनमें खास तरह की एंटीबॉडी बनीं, जो कोकीन से बॉन्ड बनाती हैं और इसे रक्तप्रवाह के जरिये मस्तिष्क तक पहुंचने से रोक सकती है। इस तरह वैक्सीन कोकीन के मनोवैज्ञानिक असर को निष्क्रिय कर सकती है। कोकीन एंटीबॉडी के उत्पादन में वैक्सीन का असर पूरे परीक्षण के दौरान बना रहा। कोस्टेन ने कहा कि वैक्सीन बेहद सुरक्षित है। क्लीनिकल ट्रायल्स के दौरान कोई बड़ा दुष्प्रभाव देखने को नहीं मिला। ये वैक्सीन बहुत ही गंभीर समस्या के लिए पूरी तरह से नया और बेहद व्यवहारिक इलाज साबित हो सकता है। वह कहते हैं कि इससे पहले कोकीन की लत छुड़ाने के लिए कोई वैकल्पिक दवा उपचार उपलब्ध नहीं था। हम अभी तक कोकीन की लत को छुड़ाने को लेकर इसके फायदों के बारे में पूरी तरह से नहीं जानते हैं। फिर भी ये दुनियाभर में लाखों लोगों के लिए उम्मीद की किरण जैसा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, वैक्सीन ने कोकीन के अणुओं को मस्तिष्क के मेसोलेम्बिक सिस्टम में जाने के लिए बहुत बड़ा बना दिया। बता दें कि कोकीन लेने के बाद मस्तिष्क का यही हिस्सा डोपामाइन का उत्पादन करने के लिए एक्टिव होता है। मूल रूप से कोकीन लेने के बाद भी लोगों को उतना नशा नहीं होगा, जितने की उन्हें उम्मीद रहती है। साल 2023 में इस परियोजना को लैटिन अमेरिकी चिकित्सा के लिए यूरो हेल्थ इनोवेशन अवार्ड्स में शीर्ष पुरस्कार दिया गया, जिसके तहत 5,00,000 यूरो का नकद इनाम भी दिया गया था।



पेरिस में लोग नस्लवादी हिंसा के विरोध ओर बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक प्रदर्शन में शामिल हुए।

## पाकिस्तान में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की पार्टी ने उपचुनाव में जीत हासिल की

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने नेशनल असेंबली की करीब दो सीट और प्रांतीय असेंबली की 10 सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल की है। सोमवार को अनौपचारिक नतीजों से यह जानकारी मिली। पाकिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की 21 सीट पर उपचुनाव के तहत मतदान हुआ। इस दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के चुनिंदा जिलों में मोबाइल तथा इंटरनेट सेवा निलंबित रही। पीएमएल-एन, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने उपचुनावों में भाग लिया। मौलाना फजलुर रहमान की जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फज्ल ने उपचुनावों का बहिष्कार किया। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की घोषणा नहीं की है लेकिन मीडिया ने प्रत्येक मतदान केंद्र के नतीजों के आधार पर नतीजे साझा किए हैं। प्रारंभिक नतीजों से पता चलता है कि पीएमएल-एन ने प्रांतीय असेंबली की 16 में से 10 सीटों पर जीत हासिल की है जिसमें पंजाब से नौ और बलूचिस्तान में एक सीट शामिल है। पीपीपी, एसआईसी, इस्तेकाम पाकिस्तान पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग, बलूचिस्तान नेशनल पार्टी ने एक-एक सीट तथा एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार ने जीती है। पुलिस के अनुसार, मतदान के दौरान कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए किए गए व्यापक सुरक्षा उपायों के बावजूद हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गयीं तथा पंजाब प्रांत में मतदान के दौरान झड़पों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं।

# सीएए के कुछ प्रावधान भारत के संविधान का उल्लंघन हो सकते हैं

### – अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में किया गया दावा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कुछ प्रावधान संभावित रूप से भारत के संविधान का उल्लंघन हो सकते हैं। यह अधिनियम संसद द्वारा मंजूरी दिए जाने के लगभग चार साल बाद मार्च में लागू किया गया। यह अधिनियम पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की बात करता है।




अमेरिकी कांग्रेस की एक स्वतंत्र अनुसंधान शाखा प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सीएए प्रावधान-मुसलमानों को छोड़कर तीन देशों के छह धर्मों के अप्रवासियों को नागरिकता देना भारतीय संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन हो सकता है। रिपोर्ट में इस पर चिंता जाहिर की गई कि नियोजित राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के साथ मिलकर, सीएए भारत की मुस्लिम आबादी के अधिकारों को खतरे में डाल सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सीएए का विरोध करने वाले लोग सत्तारूढ़ भाजपा से सावधान हैं, जो हिंदू बहुसंख्यकवादी, मुस्लिम विरोधी एजेंडे को हवा दे रहा है, जो आधिकारिक तौर पर धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में भारत की स्थिति को खतरे में डालता है और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानदंडों और दायित्वों का उल्लंघन करता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सीएए का लागू होना भाजपा के दूसरे राष्ट्रीय पुन-चुनाव अभियान के बीच हुआ और कुछ पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह समय बड़े पैमाने पर राजनीति से प्रेरित है।

आलोचकों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि सीएए को केवल अनुमोदित धर्मों के सदस्यों की रक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है, दूसरों के पास बहुत कम सहारा होगा। एक वरिष्ठ पर्यवेक्षक ने कहा है उसे स्थापित करने के कथित मोदी-भाजपा प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है। एक जातीय लोकतंत्र जो बहुसंख्यक समुदाय को राष्ट्र के बराबर मानता है और दूसरों को दोयम दर्जे का दर्जा देता है।

सीआरएस, अमेरिकी कांग्रेस की एक स्वतंत्र अनुसंधान शाखा, कांग्रेस के निर्णय लेने में सहायता के लिए रिपोर्ट प्रदान करती है लेकिन आधिकारिक कांग्रेस के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना के संबंध में चिंता व्यक्त की थी और कहा था कि वह विवादास्पद कानून के कार्यान्वयन की बारीकी से नजर रखा रहा है। भारत ने अमेरिकी की इस आलोचना को खारिज कर दिया है और कहा कि सीएए का उद्देश्य मुख्य रूप से नागरिकता देना है। एक बयान में, केंद्र ने आश्वासन दिया था कि इस कानून के परिणामस्वरूप देश का कोई भी नागरिक अपनी नागरिकता नहीं खोएगा।

## मालदीव के संसदीय चुनाव में मुइज्जू की पार्टी पूर्ण बहुमत से जीती

### -अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना तरुण का प्रमुख उद्देश्य

**माले (एजेंसी)।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने चुनाव में भारी बहुत से जीत हासिल की है। मुइजू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने मालदीप की संसद पर एकतरफा नियंत्रण कर लिया है। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने चीन की ओर उनके झुकाव और क्षेत्रीय शक्ति और भारत से दूर होने का समर्थन किया। चुनाव में मुइजू की पीएनसी ने 86 सीटों में से 66 सीटें जीती हैं जो 93-सदस्यीय संसद में पूर्ण बहुमत के लिए पहले से ही पर्याप्त से अधिक है।

मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन के साथ घनिष्ठ आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने की योजना के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षण के रूप में देखा गया है। पीएनसी और उसके सहयोगियों के पास निवर्तमान संसद में कुल आठ सीटें थीं, सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद बहुमत में नहीं होने से मुइज्जू को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी)-जिसके पास पहले पूर्ण बहुमत था। 45 वर्षीय मुइज्जू रविवार को सबसे पहले मतदान करने वालों पहुंचे थे, उन्होंने राजधानी माले में अपना वोट डाला। जहां से वह पहले मेयर रह चके हैं। मुइज्जू ने मालदीव के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया।

मुइज्जू ने कहा मालदीव, भूमध्य रेखा के पार लगभग 800 किलोमीटर तक फैले लगभग 1,192 छोटे मूंगा द्वीपों का एक निचला देश, ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र के स्तर में वृद्धि के प्रति सबसे संवेदनशील देशों में से एक है। पूर्व निर्माण मंत्री मुइजू ने वादा किया है कि वह भूमि सुधार और ऊंचे द्वीपों का निर्माण करके लहरों को हरा देंगे, एक ऐसी नीति जिसके बारे में पर्यावरणविदों का तर्क है कि इससे बाढ़ का खतरा भी बढ़ सकता है। मालदीव प्राचीन सफेद समुद्र और एकांत रिसॉर्ट्स ओर खूबसूरती के कारण दुनिया में जाना जाता है। हाल के वर्षों में मालदीव हिंद महासागर में एक भू-राजनीतिक हॉटस्पॉट भी बन गया है, जहां वैश्विक पूर्व-पश्चिम शिपिंग लेन द्वीपसमूह से गुजरती हैं।

मुइजू के सहयोगी ने नाम न छापने की शर्त पर मतदान से पहले बताया कि रविवार के चुनाव में पार्टियां वोटों के लिए प्रचार कर रही हैं, इसलिए भू-राजनीति पृष्ठभूमि में है। वह भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के वादे पर सत्ता में आए थे और वह इस पर काम कर रहे हैं। सत्ता में आने के बाद से संसद उनके साथ सहयोग नहीं कर रही है। इब्राहिम मोहम्मद सोलिह भी जल्दी मतदान करने वालों में शामिल थे और उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी विजयी होगी। रविवार के मतदान में उनके खराब प्रदर्शन पर उनकी पार्टी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। चुनाव प्रमुख फुआद तौफीक ने मतदान बंद होने के बाद कहा कि मतदान का आधा घंटा शेष रहने तक 284,663 मतदाताओं में से 73 प्रतिशत तक मतदान हो चुका था।

## अमेरिका पाकिस्तान को दो रोटी खिलाकर... चार थपड़ मार रहा -साजिद तरार

इस्लामाबाद ।अमेरिका ने चीन की तीन कंपनियों और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। लंबी दूरी की मिसाइल सहित पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए इन कंपनियों से उपकरणों की सप्लाई होती है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इससे जुड़ी जानकारी दी है, जो पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है। चीन, पाकिस्तान का सर्वकालिक सहयोगी है। वह पाकिस्तान के महत्वाकांक्षी सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है। पाकिस्तानी जानकार ने कहा कि अमेरिका से जब पैसा लिया जाएगा तब इस तरह के दबाव आएगा। विदेशी मामलों के जानकार साजिद तरार ने कहा, पाकिस्तान आज कमजोर है, दुनिया पाकिस्तान को जितना हो सके उतना कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

## अमेरिका मदद करता इसके पहले ही इजरायल ने गाजा में कर दी बमबारी, 22 की मौत

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को 26 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दे दी थी, जिसमें गाजा के लिए लगभग नौ अरब अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता शामिल है। ये सहायता गाजा के लोगों को मिल पाती इसके पहले ही इजरायल में अंधाधुंध बमबारी कर दी,जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई।

गाजा के दक्षिणी शहर रफह में रातभर किए गए इजरायली हमलों में 18 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजरायल ने रफह पर लगातार हवाई हमले किए हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने कहीं और रहने के लिए शरण मांगी है। खास बात है कि ये घटना ऐसे समय पर हुई, जब अमेरिका गाजा के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता को मंजूरी देने की तैयारी कर रहा था।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, आगामी दिनों में हम हमास पर राजनीतिक और सैन्य दबाव बढ़ाएंगे क्योंकि अपने बंधकों को वापस लाने और जीत हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है। हम जल्द ही हमास पर और जबरदस्त हमला करेंगे। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल-हमास युद्ध में 34 हजार से अधिक फलस्तीनी लोग मारे गए हैं। इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में भी तनाव बढ़ गया है। इजरायली सैनिकों ने दो फलस्तीनियों की हत्या कर दी। सेना का कहना है कि रविवार तड़के दक्षिणी वेस्ट बैंक के हेब्रोन शहर के निकट एक जांच चौकी पर चाकू और बंदूक से हमला किया गया। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मारे गए दोनों लोग एक ही परिवार से 18 और 19 साल के थे।दक्षिणी इजरायल में एक जबरदस्त हमले के बाद गाजा में सात अक्टूबर को युद्ध शुरू हुआ था जिसमें हमास और अन्य आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था। मृतकों में ज्यादातर नागरिक थे और लगभग 250 बंधकों का अपहरण कर लिया गया था।

# राईसी पहुंचे पाक के ऐतिहासिक दौरे पर

### -ईरान के राष्ट्रपति का हुआ जोरदार स्वागत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति डॉक्टर इब्राहिम राईसी सोमवार को पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे हैं। ईरानी राष्ट्रपति का इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछा जोरदार स्वागत किया गया है। इस दौरान पाकिस्तान के कई मंत्री राष्ट्रपति राईसी के स्वागत में एयरपोर्ट पहुंचे थे। गाजा पर छिड़े युद्ध के दौरान राईसी के पाक दौरे को अहम माना जा रहा है, इससे अमेरिका भी चिंतित नजर आया है और वह इस पर बारीक नजर रखे हुए है।

यहां बतलाते चलें कि राईसी के दौरे को इसलिए भी ऐतिहासिक बताया जा रहा है क्योंकि ईरानी राष्ट्रपति का 7 साल बाद यह पहला पाकिस्तान दौरा है। खास बात यह है कि ईरानी राष्ट्रपति राईसी ने यह दौरा ऐसे समय पर किया है जबकि गाजा में चल रही जंग के बीच इजराइल और अमेरिका के साथ उनके देश के युद्ध जैसे हालात बने हैं। गौरतलब है कि इससे पहले बताया गया था कि इजराइल के साथ मिसाइल हमले हुए जिसके बाद ईरानी राष्ट्रपति का दौरा रद्ध होने की बात भी सामने आई थी, लेकिन इन्हें अफवाह साबित करते हुए राईसी सोमवार सुबह पाकिस्तान पहुंच गए हैं। इस दौरे से यह माना जा रहा है कि ईरानी राष्ट्रपति ने अमेरिका और इजराइल को संदेश देने के लिए ही दौरा किया है। इस बीच पाकिस्तान ने ईरानी राष्ट्रपति का जोरदार स्वागत किया है, जिसे देख अमेरिका भड़का हुआ है और इस पर बारीक नजर रखने की बात कह रहा है। सूत्रों की मानें तो ईरानी राष्ट्रपति राईसी अगले 3 दिन तक पाकिस्तान में रहेंगे और गैस पाइपलाइन से लेकर क्षेत्र के हालात पर पाकिस्तान के साथ वार्ता करेंगे।




गौरतलब है कि इससे दो दिन पहले पाकिस्?तान और ईरान के बीच मिसाइलों से हमले की खबरें आम हुईं थीं और यह समझा जा रहा है कि इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में तनाव आया है। इस यात्रा के जरिए ईरानी राष्ट्रपति राईसी दोनों देशों के बीच के तनाव को खत्म कर सकते हैं। दरअसल ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनके अनेक मंत्री और आला अधिकारी तथा प्रमुख बिजनसमैन भी पाकिस्तान पहुंचे हैं। इस दौरे के दौरान राईसी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर बातचीत करेंगे।

यहां अमेरिका के बदलते रुख को देख पाकिस्तान ने कहा है कि ईरान के राष्ट्रपति का दौरा पहले से तय था, ऐसे में इसे युद्ध से जोड़ कर नहीं देखना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी सूत्र बता रहे हैं कि सरकार इस दौरे को लेकर सतर्क है और बहुत बारीक नजर रखे हुए है।

# रिपोर्ट में खुलासा: 2022 में 66 हजार भारतीय अमेरिकी नागरिक बने

### – अमेरिकी नागरिकता पाने में भारत मेक्सिको के बाद दूसरे नंबर पर

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अमेरिकी सामुदायिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में विदेशी मूल के अनुमानित चार करोड़ 60 लाख लोग अमेरिका में रहे जो अमेरिका की कुल 33 करोड़ 33 लाख आबादी का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं वर्ष 2022 में कम से कम 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिक बन गए और इसके साथ जिन देशो के लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली है, उनकी संख्या में भारत मेक्सिको के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया।

स्वतंत्र 'कांग्रेशनल अनुसंधान सेवा' (सीआरएस) की वित्त वर्ष 2022 के लिए 'यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी' (अमेरिकी नागरिकता नीति) पर 15 अप्रैल को जारी नई रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022 में 9,69,380 लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिल गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिकी नागरिकता पाने वाले लोगों में मेक्सिको में जन्मे लोगों की संख्या सबसे अधिक रही। इसके बाद भारत, फिलीपीन, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोगों को सबसे ज्यादा अमेरिकी नागरिकता मिली। सीआरएस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022 में मेक्सिको के 1,28,878 नागरिक अमेरिकी नागरिक बने। उनके बाद भारत (65,960), फिलीपीन (53,413), क्यूबा (46,913), डोमिनिकन गणराज्य (34,525), वियतनाम (33,246) और चीन (27,038) के लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 तक विदेशी मूल के अमेरिकी नागरिकों में भारत के लोगों की संख्या 2,831,330 थी जो मेक्सिको के (10,638,429) के बाद दूसरी सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद सूची में चीन (2,225,447) का नंबर आता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका में रहने वाले भारत में जन्मे लगभग 42 प्रतिशत विदेशी नागरिक वर्तमान में अमेरिकी नागरिक बनने के लिए अयोग्य हैं।



# संक्षिप्त खबरें

## सोशल वर्कर आइडियल हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड गदड़ाचुनाव 10 मई को, अधिसूचना जारी

**जादूगोड़ा :** सोशल वर्कर आइडियल हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड गदड़ा (जमशेदपुर ) चुनाव आगामी 10 मई को होगा।इधर जमशेदपुर सहकारिता पदाधिकारी मुकेश कुमार देव ने इसे लेकर आज अधिसूचना जारी कर दी.अधिसूचना के तहत सोसायटी के चुनाव हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि आगामी 29 अप्रैल को ,नामांकन की जांच व सूची का प्रदर्शन 30 अप्रैल को नामांकन पर आपत्ति दाखिल करने की तारीख 2 मई,आपतियो का निराकरण व नामांकन सूची का प्रकाशन 3 मई,नामांकन की वापसी व अंतिम नामांकन की सूची का प्रदर्शन 4 मई समेत उसी दिन 4 मई को तीन बजे चुनाव चिन्ह आवंटित व विशेष आम सभा 10 मई को सुबह 9 बजे रखी गई है।अंत में जरूरत पड़ी तो मतगणना होगा।

## प.ऊ. के. स्कूल का समय - सारणी में हुआ बदलाव से विद्यार्थियों व अभिभावको के खिले चेहरे



**जादूगोड़ा :** तपती धूप के बीच राज्य सरकार के निर्देश पर परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा स्कूल प्रबंधन ने स्कूल के समय - सारणी में बदलाव की घोषणा की है।इधर स्कूल प्रबंधन के इस फैसले के बाद , विद्यार्थियों व अभिभावको के चेहरे खिल उठे.विशेष कर महिलाओं को मिली राहत . तपती धूप में पैदल चलकर स्कूल तक ले जाना और लाना । इस विषय पर परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के प्राइमरी स्कूल के हेड मास्टर सुचित्रा कुंवर ने कहा की गर्मी को देखते हुए व राज्य सरकार की पहल पर आज से बाल वाटिका से लेकर कक्षा आठवीं तक सुबह 7 बजे से दोपहर 11:30 तक स्कूल चलेगी जबकि कक्षा नौवीं से लेकर बारहवी तक सुबह 7:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00बजे तक पढ़ाई होगी। स्कूल प्रबंधन ने यह फैसला झारखंड सरकार के निर्देश पर की है।

## मतदाता जागरूकता को ले निकाली गई प्रभात फेरी




**लोहरदगा।** कैरो प्रखंडकर्मियों की ओर से मतदाता जागरूकता के तहत निकाली गई प्रभात फेरी यह प्रभात फेरी कैरो चौक साहू मुहल्ला नयाटोली कैरो होते हुए ब्लॉक परिसर में आकर खत्म हुआ कैरोरो प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि किसी भी हाल में कोई भी मतदाता ना छूटे मतदान करने के लिए मतदान अपना अधिकार है यह आप लोगो का हक है और मतदान जरूर करें मतदान प्रतिशत को बढ़ाएं मतदान नहीं करना भी एक तरह से सामाजिक कार्य को बाधा पहुंचाने वाला कार्य है बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो,इसके लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं से अपील की जा रही है।शहरी और ग्रामीण सभी इलाकों में विविध कार्यक्रम के जरिए लोकतंत्र को मजबूती को लेकर निर्भीक और निष्पक्ष मतदान को लेकर अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है। मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मी के सभी लोग मौजूद थे।

## कनिया अभियंता बने शिशु विधा मंदिर सलगी के छात्र, मिली बधाई

**लोहरदगा:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के पुरातन छात्र राहुल उरांव , पिता झ्र राजेश उरांव का चयन कनीय अभियंता के रूप में हुआ हैं इन्हे तत्काल में झारखंड राज्य के मुख्य मंत्री चंपई सोरेन द्वारा नियुक्ति पत्र मिला हैं, उनकी सफलता से विद्यालय परिवार एवम ग्राम,पंचायत- सलगी हर्षित है । विधा मंदिर सलगी के प्रधानाचार्य और समस्त आचार्य -आचार्यों ने इनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं : मरांडी

बिभा संवाददाता



**चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन को 14 सीटें जीतना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 सीटें लेकर तीसरी बार देश की बागडोर संभालें, यही निवेदन करने आया हूं। मरांडी आज चाईबासा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। वे सांसद प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन के अवसर पर चाईबासा पहुंचे थे।

मरांडी ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश और झारखंड के लिए काफी काम किया है। पार्टी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा दिया है। इस दौरान सभी वर्गों के लिए काम किया। पिछली किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में इतना काम नहीं किया। भाजपा जो कहती है, वह करती है।

झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन है। झारखंड की लड़ाई वर्षों से लड़ी जा रही थी लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इस राज्य की लोगों की भावना का कद्र नहीं किया। कभी सम्मान नहीं दिया। यहां के नेता जयपाल सिंह और शिबू सोरेन को खेलाते और खिलाते रहे लेकिन झारखंड राज्य नहीं बना। भाजपा ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना देगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनते ही 15 नवंबर, 2000 को झारखंड अलग राज्य का गठन हो गया।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने से पहले गांव में सड़कें नहीं थी। बीमार होने पर लोग अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे। केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार बनने पर पूरे देश और राज्य के गांव-गांव तक सड़कें बन गई। अब लोग राज्य के हर गांव में गाड़ी से जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में 50 से 55 साल तक राज किया लेकिन उन्होंने गांव के लोगों की चिंता नहीं की। उनकी तकलीफ और दर्द को नहीं समझा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता में बैठे लोगों ने चार वर्ष में राज्य को लूटकर खोखला कर दिया है। यह लोगों में प्रचार कर रहे हैं कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल में डाला है। उनका कोई कसूर नहीं है लेकिन ईडी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट को पढ़ लेने से यह पता चल जाएगा कि हेमंत सोरेन की करतूतें क्या है। हेमंत सोरेन चोरों के सरगना बनकर बैठे हुए थे। उन्हें संरक्षण दे रहे थे। कोयला, पत्थर की तस्करी हो रही थी। फर्जी कागज बनाकर सेना और सरकारी जमीन को बेचा गया। ऐसा करने वालों को ईडी तो जेल में डालेगी ही।

एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि सामने जो प्रतिद्वंदी है, उसके पास ना नीति है और ना नीयत। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के लोगों के साथ छल किया है। भोले भाले जनता को ठगने का काम किया है।उनके साथ धोखेबाजी की है। यहां की जनता को गर्त में धकेलना का काम किया है। केंद्र सरकार की सभी योजनाओं पर बैरिकेड लगाने का काम किया है। हरियाली आंसू बहाने का काम झामुमो के नेता कर रहे हैं कि हमें तो कुछ ही मिल ही नहीं रहा है। राज्य के लिए इनकी सोच और दूर दृष्टि नहीं है। सिंहभूम में 30 से 35 हजार बच्चे ड्रॉप आउट हैं लेकिन सरकार की नींद नहीं खुल रही है। लोग पलायन कर रहे हैं। मजदूरों के लिए रोजगार मुहैया सरकार नहीं कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में कार चालक घायल




बिभा संवाददाता

**लोहरदगा:** सड़क दुर्घटना में कार चालक गम्भीर रूप से घायल स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल भेजवाया गया। समाचार भेजे जाने तक घायल की स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर धर्मराज पब्लिक स्कूल के समीप ट्रांसफार्मर के पास खड़ी बॉक्साइड खाली ट्रक में कार सवार अनियंत्रित होकर टकरा गया। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि कार सवार सेन्हा ग्राम निवासी स्व0 परमेश्वर साहू के 26 वर्षीय पुत्र आकाश साहू घायल हो गया। जिसको ग्रामीणों के सहयोग से कार में दबे युवक को निकाल कर लोहरदगा सदर अस्पताल निजी वाहन से पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की कार नंबर जे एच 01ई एल 5693 में सवार आकाश साहू लोहरदगा के तरफ से अपने घर सेन्हा जा रहा था कि घर पहुंचने से आधा किलो मीटर पहले धर्मराज पब्लिक स्कूल के पास खड़ी ट्रक संख्या जे एच 08 डी 9206 में अनियंत्रित होकर पीछे टकरा गया। आस पास के लोग बताते है की एक स्कूटी सवार को बचाने में घटना घटी है। सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच कर क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर सुरक्षित थाना में रखते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।फिलहाल घायल आकाश साहू का स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है।

## गुमला प्रशासन की मनमानी पर भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

बिभा संवाददाता



**रांची :** हैलीपैड का भाड़ा को अलग अलग जिले के अलग अलग दर पर लेने के खिलाफ भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल मे भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव , प्रदेश कार्य समिति गुरविंदर सिंह शेट्टी,न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, शामिल थे।

मामला है की अभी चुनाव मे राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार या नामांकन मे जाने हेतु प्रशासन से हैली पैड किराये पर लेते हैं, गुमला मे जब भाजपा की टीम अपने नेताओ के लिए हैली पैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा करने का तुगलकी फरमान जारी किया । अभी झारखंड मे कहीं भी 53400 भाड़ा नहीं है।सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है ।गुमला प्रशासन की मनमानी को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेकर तत्काल सभी उपायुक्त को पत्र लिख कर सभी हेली पैड का दर सूची चुनाव आयोग द्वारा मंगाया गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की जिस प्रकार आज हर मोड़ पर प्रशासन अपना रंग दिखा रहा है उससे ये लग रहा है की स्थानीय प्रशासन अब चुनाव आयोग का नियम कानून को नहीं मानने का मूड बना चुके है। बिना चुनाव आयोग के निर्देश पर हाल ही मे पलामू मे शिवाजी मैदान के लिए जबरदस्ती प्रशासन द्वारा भाजपा से 92000 जमा कराया था।

## सीबीआई के नाम पर 40 हजार की साइबर ठगी

**रांची।** राजधानी के बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत अंतर्गत वैशाखी कॉलोनी निवासी गणेश दुबे से सीबीआई द्वारा जांच के नाम पर डराकर साइबर ठगों ने 40 हजार रुपये ठग लिए। इस संबंध में गणेश दुबे ने कहा कि सोमवार को उनके मोबाइल पर 92 3147037233 नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनका बेटा आशीष दुबे जो कि सूरतकल में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है, रेप की घटना में संलिप्त था और वह पकड़ा गया है। उसे मीडियावालों से अलग रखा गया है।

## लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु 18 वाहनों का कटा सीजर


बिभा संवाददाता

**लोहारदगा:** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त सह जिला निवार्ची पदाधिकारी के निदेर्शानुसार सेन्हा थाना के समीप सिजरलिस्ट वाहनों का काटा गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना के समीप लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु निजी वाहनों का सिजरलिस्ट डीआरएसएम अमृतेश्व गिरी के द्वारा काटते हुए वाहन चालकों को निर्देश दिया गया।लोकसभा चुनाव कार्य हेतु मतदान कर्मियों को गंतव्य स्थान पर जाने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े जिसको देखते हुए उपायुक्त सह जिला निर्वची पदाधिकारी डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप लोकसभा आम चुनाव निर्वाचन कार्य हेतु वाहनों का उपयोग में लाने के लिए डीआरएसएम अमृतेश्व गिरी के नेतृव में पुलिस बल के सहयोग से चुनाव कार्य हेतु 18 वाहनों को रोक वाहन सम्बंधित कागजात एवं चालक का लाइसेंस का छाया प्रति जमा करवाते हुए सिजरलिस्ट उन सभी वाहनों का काटा गया। इस संदर्भ में डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी ने जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु वाहन मालिकों से 18 गाड़ी लिया गया है। जो उपायुक्त के निदेर्शानुसार 10 मई को जिला निर्वाचन कोषांग में जमा करेंगे साथ ही बताया कि चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत 14 मई को सुबह छोड़ दिया जाएगा। मौके पर धीरज पटेल दल बल के साथ मौजूद थे।

## उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों संग की बैठक

बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु गठित सभी कोषांगों की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और प्रभारी पदाधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों के आवंटित कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त द्वारा कार्मिक कोषांग, सामान्य निर्वाचन कोषांग, सामग्री कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, वाहन कोषांग, मीडिया कोषांग समेत अन्य कोषांगों की समीक्षा की गई। बैठक में दिनांक 18 अप्रैल तक जिला के सभी प्रखण्डों के भौतिक निरीक्षण संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई जो निरीक्षण वरीय पदाधिकारियों द्वारा की गई थी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार और सभी कोषांगों के वरीय, नोडल व प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे।



# AISMJWA के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व आयुक्त घायल पत्रकार से मिले

बिभा संवाददाता



**जादूगोड़ा:** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के शहरी जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह और सचिव अरूप मजूमदार के नेतृत्व में कल रात टाटा मेन हॉस्पिटल में ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया,देवेंद्र सिंह,इंद्रजीत सिंह भुल्लर और प्रदेश सलाहकार सह पूर्व कोल्हान आयुक्त विजय सिंह भी टीएमएच पहुंचे.

बताते चलें कि परसों शनिवार को बिष्टुपुर में मंत्री का आदमी बताकर सुनील गुप्ता और अन्य 15-20 युवकों द्वारा सोशल भारत न्यूज पोर्टल के पत्रकार दुर्गेश दयाल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था.जिसके बाद बिष्टुपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई और पत्रकार को एमजीएम और फिर ळटल में बेहतर ईलाज के लिए भर्ती कराया गया.कल रविवार को अस्पताल में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकताओं के अलावा ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया ने भी पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है.श्री भाटिया के साथ कोल्हान के पूर्व आयुक्त और ऐसोसिएशन के प्रदेश सलाहकार विजय सिंह भी मौजूद थे.श्री सिंह ने तत्काल इस मामले में एसएसपी को जानकारी देते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की.उन्होने दुर्गेश का बेहतर ईलाज के लिए डीसी और टाटा प्रबंधन से भी बात करने का आश्वासन दिया.

अस्पताल में ऐसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह ने घटना में आरोपियों की गिरफ्तारी में देर होने पर कहा कि इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो एसएसपी और डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

कल सुबह से रात तक अस्पताल में भाजमो के कोल्हान प्रभारी संजीव आचार्य,भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव और अन्य कई नेता भी दुर्गेश का हाल-चाल जानने पहुंचे थे.फिलहाल राजनीतिक दलों से नेताओं का अस्पताल आना-जाना लगा हुआ है और सभी घटना की निंदा कर रहे हैं.इधर आज खबर मिली कि अस्पताल प्रबंधन दुर्गेश को सुबह 10.00 बजे डिस्चार्ज करने पर अड़ा हुआ है जिसके बाद ऐसोसिएशन के सभी पदाधिकारी मामले में हस्तक्षेप करना शुरू किया. फिलहाल दुर्गेश का बेहतर ईलाज ळटल में ही कराने का निर्णय लिया गया है.

कल इस मामले को प्रीतम भाटिया द्वारा ट्वीट करने के बाद पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार और जमशेदपुर पुलिस ने भी संज्ञान लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाष: 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com